वर्ष 24, अंक 144, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 3 दिसंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## SIR पर विपक्ष के तेवर सख्त, आज भी दोनों सदनों में जमकर हुआ हंगामा

**नई दिल्ली**

**संसद** का शीतकालीन सत्र चल रहा है। सोमवार से शीतकालीन सत्र की शुरूआत हुई थी। आज दूसरे दिन भी जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। तमाम विपक्षी दल एसआईआर के मुद्दे को लेकर सदन में शोर करते हुए दिखाई दे रहे थे। लोकसभा में आज बिल्कुल भी कामकाज नहीं हो सका जबकि राज्यसभा में कुछ काम का जरूर हुए। लेकिन एसआईआर पर विपक्ष का शोर लगातार जारी रहा। दूसरी ओर विपक्ष के विरोध के बीच केंद्र सरकार ने मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराने पर सहमति जताई। कार्य मंत्रणा परिषद की बैठक में तय हुआ है कि 9-10 दिसंबर को लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बुधवार, 10 दिसंबर को इसका उत्तर देंगे। 8 दिसंबर को सदन में वंदे मातरम पर चर्चा होगी। चर्चा के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री मोदी बहस की शुरूआत करेंगे।

लोकसभा की कार्यवाही

- मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) समेत कुछ मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बाधित



लोकसभा की बैठक मंगलवार को दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई, वहीं सरकार ने कहा कि वह चुनाव सुधार समेत हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी लोकसभा में गतिरोध की स्थिति बनी रही और सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजकर पांच मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

- केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मंगलवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल सरकार प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) में सहयोग नहीं कर रही और ऐसे कारणों से विकसित भारत बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच को पूरा करने में कठिनाई आ रही है।

- संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को जॉर्जिया से आए संसदीय शिष्टमंडल ने लोकसभा की कार्यवाही देखी। सदन की बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों को विशिष्ट दीर्घा में जॉर्जिया के संसदीय शिष्टमंडल के उपस्थित होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमारे सदन की विशिष्ट दीर्घा में जॉर्जिया की संसद के चेयरमैन शाल्वा पापुआशविली के नेतृत्व में जॉर्जिया का उच्चस्तरीय संसदीय शिष्टमंडल उपस्थित है। मैं अपनी ओर से और सदन की ओर से उनका अभिनंदन और स्वागत करता हूं।

राज्यसभा की कार्यवाही

- प्रौद्योगिकी के उन्नत होने के बीच साइबर अपराध को गंभीर चुनौती बताते हुए मंगलवार को राज्यसभा में एक सदस्य ने मांग की कि सरकार साइबर सुरक्षा कानूनों को सख्त बनाए तथा गरीब वर्ग के लिए डिजिटल लेनदेन की प्रक्रिया सरल करे। उच्च सदन में विशेष उल्लेख के जरिये यह मुद्दा उठाते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिनेश शर्मा ने कहा कि डिजिटल लेनदेन की प्रक्रिया ने कई मुश्किलों को आसान बनाया है लेकिन इसके दुष्प्रभाव साइबर अपराध के रूप में सामने आ रहे हैं।

- संसद ने मंगलवार को मणिपुर माल एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी, जो इस संबंध में लाए गए अध्यादेश की जगह लेगा। राज्यसभा में आज मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कुछ अन्य मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के बीच इस विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। उच्च सदन ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से लौटा दिया।


लोकसभा ने एक दिन पहले ही इस विधेयक को मंजूरी दी थी। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में विपक्ष पर मणिपुर के लिए मगरमच्छ के आंसू बहाने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य के हितों से जुड़े विधेयकों पर सदन में चर्चा में वह शामिल नहीं होता है।

## अब सेवा तीर्थ के नाम से जाना जाएगा PMO!

## सत्ता के साथ सेवा भाव को दशार्ता नया भारत

**नई दिल्ली**

**मोदी** सरकार ने पीएमओ यानी प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदल दिया है। नए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) परिसर का नाम 'सेवा तीर्थ' रखा जाएगा। फिलहाल यह खबर सूत्रों के हवाले से है। अधिकारियों ने बताया कि सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत बन रहा यह परिसर अपने अंतिम चरण में है। इसे पहले 'एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव' के नाम से जाना जाता था। प्रधानमंत्री कार्यालय के अलावा, निमार्णाधीन इस परिसर में कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय




और 'इंडिया हाउस' के कार्यालय भी शामिल होंगे, जो आने वाले गणमान्य व्यक्तियों के साथ उच्च-स्तरीय वार्ता का स्थल होगा। अधिकारियों ने बताया कि 'सेवा तीर्थ' एक ऐसा कार्यस्थल होगा जो सेवा की भावना को प्रतिबिंबित करेगा और जहाँ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को मूर्त रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की सार्वजनिक संस्थाएँ एक शांत लेकिन गहन परिवर्तन के दौर से गुजर रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, शासन की अवधारणा 'शक्ति' से 'सेवा' और अधिकार से जवाबदेही की ओर स्थानांतरित हो रही है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन केवल प्रशासनिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक भी है। राज्यों के राज्यपालों के आधिकारिक आवास राजभवनों का नाम बदलकर ह्यलोक भवनह्न किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शासन के क्षेत्रों को कर्तव्य और पारदर्शिता को प्रतिबिंबित करने के लिए नया स्वरूप दिया गया है।

## बरेली: पुलिस-प्रशासन की कड़ी कार्रवाई, तौकीर रजा के करीबियों के 2 मैरिज हॉल पर चला बुलडोजर

**बरेली**

**उत्तर** प्रदेश के बरेली में मौलाना तौकीर रजा के करीबियों पर प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है. इसी क्रम में मंगलवार दोपहर बरेली विकास प्राधिकरण ने सूफी टोला स्थित दो बड़े मैरिज हॉल ऐवान-ए-फरहत और गुड मैरिज हॉल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी. दोनों भवनों के मालिक स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों से जुड़े बताए जाते हैं, जिनमें एक का सीधा संबंध समाजवादी पार्टी नेता आजम खां से और दूसरे का मौलाना तौकीर रजा खां से बताया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक, ऐवान-ए-फरहत बरातघर सरफराज वली खां का है, जिन्हें आजम खां का करीबी माना जाता है. वहीं गुड मैरिज हॉल राशिद खां का बताया जाता है, जिन्हें मौलाना तौकीर रजा का निकट सहयोगी कहा जाता है।

## BJP ने इस चुनाव के लिए 'सोनिया गांधी' को बनाया अपना उम्मीदवार



**नई दिल्ली**

**मुन्नार** पंचायत से भाजपा उम्मीदवार सोनिया गांधी स्थानीय लोगों की रुचि का केंद्र बन गई हैं। हालाँकि उनका नाम पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के नाम पर है, लेकिन उनकी राजनीतिक यात्रा बिल्कुल अलग दिशा में मुड़ गई है। उनके पिता, स्वर्गीय दुरे राज, नल्लथन्नी कल्लार के एक कार्यकर्ता और वरिष्ठ कांग्रेस नेता थे। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के प्रति सम्मान और अपनी नवजात बेटी के प्रति स्नेह के कारण, उन्होंने उसका नाम पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के नाम पर रखा। हालाँकि, शादी के बाद सोनिया का राजनीतिक रुख बदल गया। उनके पति सुभाष एक सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता हैं और वर्तमान में पंचायत महासचिव के पद पर कार्यरत हैं। डेढ़ साल पहले, उन्होंने पुराने मुन्नार मूलक्कड़ा वार्ड में हुए उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था।

अपने पति के राजनीतिक रास्ते पर चलते हुए, सोनिया गांधी अब भाजपा समर्थित उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही हैं, जिससे वे स्थानीय चुनावों में कौतूहल और चर्चा का विषय बन गई हैं। कांग्रेस उम्मीदवार मंजुला रमेश को अब एक असामान्य चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, उनकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा उम्मीदवार सोनिया गांधी हैं, जिनका नाम तुरंत ही लोगों का ध्यान आकर्षित कर लेता है।

## सुरक्षा कवच है, विपक्ष बेवजह मचा रहा हंगामा- रविशंकर




**नई दिल्ली**

**भाजपा** सांसद रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को दूरसंचार विभाग द्वारा मोबाइल हैंडसेट में संचार साथी ऐप पहले से इंस्टॉल करने के निर्देश का बचाव करते हुए इसे 'सुरक्षा कवच' बताया। उन्होंने निराधार विवाद पैदा करने के लिए विपक्ष की आलोचना की और आरोप लगाया कि वे एक लाभकारी पहल को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि हर मोबाइल में कई ऐप होते हैं, लेकिन अगर कोई एक ऐप 'सुरक्षा कवच' की तरह काम करता है, तो आपको क्या दिक्कत है? ...इस पर एक निराधार विवाद खड़ा किया जा रहा है।

प्रसाद ने विपक्ष के इस रुख को बिहार में उनकी हालिया हार से जोड़ते हुए दावा किया कि मतदाताओं ने चुनावी मुद्दों पर कोई शिकायत नहीं की। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर भी निशाना साधा और कहा कि ऐसे विपक्ष के साथ उन्हें चुनाव जीतने में मुश्किल होगी। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष ने संसद के पिछले सत्र में भी रक्फ़का मुद्दा उठाया था। बिहार में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। करोड़ों मतदाताओं में से एक भी व्यक्ति ने यह शिकायत नहीं की कि उन्हें वोट देने नहीं दिया गया...कांग्रेस पार्टी इस तरह कभी नहीं जीतेगी।

इस बीच, दूरसंचार विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि निमार्ता और आयातक भारत में बेचे जाने वाले उपकरणों पर संचार साथी ऐप पहले से इंस्टॉल करें ताकि उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाई जा सके और नकली या छेड़छाड़ किए गए क्यएक के प्रचलन पर अंकुश लगाया जा सके।

पहले से निर्मित और बिक्री चैनलों में उपलब्ध उपकरणों के लिए, निमार्ताओं और आयातकों को सॉफ़्टवेयर अपडेट के माध्यम से इस एप्लिकेशन को आगे बढ़ाने के लिए कहा गया है।

## लोकसभा में गतिरोध टूटने के आसार

### वंदे मातरम और चुनाव सुधारों पर चर्चा के लिए बनी आम सहमति

**नई दिल्ली**

**विपक्ष** के विरोध के बीच केंद्र सरकार ने मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराने पर सहमति जताई। कार्य मंत्रणा परिषद की बैठक में तय हुआ है कि 9-10 दिसंबर को लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी। 8 दिसंबर को सदन में वंदे मातरम पर चर्चा होगी। चर्चा के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री मोदी बहस की शुरूआत करेंगे। चुनाव सुधारों पर चर्चा



मंगलवार (9 दिसंबर) को होगी। चर्चा के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बुधवार, 10 दिसंबर को इसका उत्तर देंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बाद में एक्स पर एक पोस्ट में कार्यक्रम की पुष्टि की। उन्होंने लिखा, "आज माननीय लोकसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक के दौरान, सोमवार 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से लोकसभा में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा और मंगलवार 9 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से चुनाव सुधारों पर चर्चा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।" बिरला के साथ सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं की बैठक में यह सहमति बनने के बाद लोकसभा में जारी गतिरोध खत्म होने के आसार हैं।

## बरेली और कानपुर को 580 करोड़ का तोहफा, दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मिली हरी झंडी

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** मंत्रिमंडल ने मंगलवार को शहरी पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हरी झंडी दी. वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में अटल नवीकरण एवं शहरी रूपांतरण मिशन-अमृत 2.0 के तहत बरेली और कानपुर नगर निगम क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुधारने और नेटवर्क विस्तार के लिए कुल 582.74 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है जो इन शहरों की बड़ी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होंगी.

खन्ना के अनुसार बरेली नगर निगम में पेयजल प्रणाली को नए सिरे से विकसित करने के लिए प्रथम चरण पुनर्गठन परियोजना हेतु व्यय वित्त समिति से 26,595.46 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है. इसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 8,530.96 लाख रुपये, राज्य सरकार का हिस्सा 14,504.95 लाख रुपये और नगर निगम का अंशदान 2,559.55 लाख रुपये हैं.

Ghosi Bypol' : घोसी उपचुनाव में कौन होगा सपा का प्रत्याशी? शिवपाल सिंह ने कर दिया ऐलान

मंत्री का कहना है कि इस परियोजना के पूरा होने पर बरेली में लगभग 92 प्रतिशत आबादी, यानी करीब नौ लाख लोग नियमित और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति से लाभान्वित होंगे.

खन्ना के मुताबिक मंत्रिमंडल की बैठक में कानपुर नगर निगम क्षेत्र के ह्यईस्टह्न और



ह्यसाउथ सर्विस डिस्ट्रिक्टह्न में शतप्रतिशत आबादी तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए पाइपलाइन विस्तार परियोजना हेतु 31,678.88 लाख की मंजूरी मिली है.

**• योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने पर बरेली में लगभग 92 प्रतिशत आबादी, यानी करीब नौ लाख लोग नियमित और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति से लाभान्वित होंगे।**

इसमें भारत सरकार का योगदान 7,610.32 लाख रुपये, राज्य सरकार का 18,264.77 लाख रुपये और नगर निगम का हिस्सा 4,566.19 लाख रुपये है.

उन्होंने बताया कि इस परियोजना से कानपुर शहर के 33 वार्डों में रहने वाले लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और दक्षिण–पूर्वी क्षेत्र की पूरी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।

## 800 किमी/घंटा की रफ्तार से लड़ाकू विमान का एस्केप सिस्टम का सफल परीक्षण

### डीआरडीओ ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने चंडीगढ़ में टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (टीबीआरएल) की रेल ट्रैक रॉकेट स्लेड (आरटीआरएस) सुविधा में 800 किमी/घंटा की सटीक नियंत्रित गति से लड़ाकू विमान एस्केप सिस्टम का उच्च गति रॉकेट-स्लेज परीक्षण सफलतापूर्वक किया है, जिसमें कैनोपी सेवरेंस, इजेक्शन अनुक्रमण और पूर्ण एयरक्रू-रिकवरी को मान्य किया गया है। यह परीक्षण एयरोनॉटिकल



डेवलपमेंट एजेंसी ) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के सहयोग से किया गया। यह जटिल गतिशील परीक्षण भारत को उन्नत आंतरिक एस्केप सिस्टम परीक्षण क्षमता वाले विशिष्ट देशों के समूह में शामिल करता है।

गतिशील इजेक्शन परीक्षण, नेट टेस्ट या जीरो-जीरो टेस्ट जैसे स्थैतिक परीक्षणों की तुलना में काफी जटिल होते हैं, और इजेक्शन सीट के प्रदर्शन और कैनोपी सेवरेंस सिस्टम की प्रभावकारिता के मूल्यांकन का एक वास्तविक उपाय हैं। एलसीए विमान के अग्रभाग के साथ एक दोहरे स्लेज सिस्टम को कई ठोस प्रणोदक रॉकेट मोटर्स के चरणबद्ध प्रज्वलन के माध्यम से सटीक रूप से नियंत्रित वेग से प्रक्षेपित किया गया।

राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ की सराहना की

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लड़ाकू विमान एस्केप सिस्टम के उच्च गति वाले रॉकेट स्लेज परीक्षण के सफल आयोजन पर डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना, एडीए, एचएएल और उद्योग जगत की सराहना की है और इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है।

## चाचा शिवपाल के फैसले पर भतीजे अखिलेश यादव ने लगा दी मुहर

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** स्थित घोसी विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर समीकरण बनाने के साथ-साथ अटकलों और कयासों का दौर शुरू हो गया है. इसी क्रम में मंगलवार, 2 दिसंबर 2025 को मऊ पहुंचे समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव ने स्व. सुधाकर सिंह के बेटे सुजीत सिंह को बतौर उम्मीदवार पेश किया. उन्होंने कहा कि सुजीत सिंह, घोसी सीट पर उपचुनाव में पार्टी के उम्मीदवार होंगे. उनके इस फैसले पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी लगभग



मुहर लगा दी है.

मऊ पहुंचे अखिलेश ने कहा कि सुधाकर सिंह जी जमीनी नेता थे. उनके व्यवहार में अपनापन था, उनकी राजनीतिक पकड़ इतनी थी कि हर तरह की परिस्थितियों का मुकाबला कर लेते थे.' कन्नौज सांसद ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि उनका परिवार, उनके बेटे हमारे साथ है. जो सेवा उन्होंने (सुधाकर सिंह) ने जनता की है, उसी तरह से सुजीत भी करेंगे।

# पीपीजीसीएल बारा पावर प्लांट में भीषण ब्लास्ट, दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल, एक की हालत नाजुक

**वर्करों के शोषण के आरोप, जिम्मेदारी पर उठे सवाल**







**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** पीपीजीसीएल बारा पावर प्लांट में बड़ा हादसा सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लांट के अंतर्गत कार्यरत पावरमेक कम्पनी के सीएचपी इलेक्ट्रिकल सेक्शन में अचानक हुए ब्लास्ट से दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मनीष पांडेय, निवासी गढ़ी त्योंथर, तथा निखिल शुक्ला, निवासी कर्मा, करछना शामिल हैं। इनमें निखिल शुक्ला की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। दोनों घायलों को उपचार के लिए तत्काल अस्पताल भेजा गया।सूत्रों के अनुसार सीएचपी इलेक्ट्रिकल सेक्शन में वर्करों के साथ लगातार प्रताड़ना एवं दबावपूर्ण कार्यशैली की शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं। हादसे के बाद कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है और वे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठा रहे हैं। इस मामले में शंकरगढ़ थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि थाने को अभी तक कोई औपचारिक जानकारी नहीं मिली है, पर पता चला है कि दो लोग घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि घटना की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## दहेज में ढाई लाख की मांग न पूरी होने पर विवाहिता को ससुरालियों ने मार कर भगाया

**मऊआइमा।** दहेज में ढाई लाख की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मार पीट कर घर से भगा दिया । विवाहिता के पिता ने थाने में तहरीर दे के पति और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के मरखा मऊ गांव निवासी मोहर्रम हुसैन पुत्र स्व मो मुस्तफा के मुताबिक वह अपनी पुत्री राबिया बानो की शादी 20 अप्रेल 2025 को सैदाबाद हड़िया के बीयूर गांव निवासी मो साहिल पुत्र मो फिरोज के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ दान दक्षिणा दे कर किया था आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराली द्वारा दहेज में ढाई लाख की मांग की जारही थी।मांग न पूरी होने पर विवाहिता राबिया बनो को मार पीट कर घर से भगा दिए।सोमवार को विवाहिता के पिता ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर राबिया बनो के पति मो साहिल सास खुशनुमा बानो के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# पशु चिकित्सालय परिसर में गृह प्रवेश भोज, दिनभर ठप रहा इलाज

**करछना प्रयागराज।** कौंधियारा स्थित पशु चिकित्सालय परिसर सोमवार को निजी कार्यक्रम में बदल गया, जिससे दिनभर उपचार सेवाएं ठप रहीं। परिसर में टेंट और भोजन की तैयारियों के बीच बीमार पशुओं के साथ पहुंचे ग्रामीण डॉक्टरों को तलाशते रह गए, जिससे नाराजगी बढ़ गई।

जानकारी के अनुसार, बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारी के गृह प्रवेश समारोह का आयोजन अस्पताल परिसर में किया गया था। परिसर को झालरों और टेंट से सजाया गया और भोजन की व्यवस्था भी की गई। प्रभार संभाल रहे चिकित्सक ने स्वीकार किया कि भोजन कराने की जगह न होने पर परिसर उपयोग की अनुमति दी गई थी।




ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में न तो डॉक्टर मिले और न ही कोई कर्मचारी मौजूद था। मुख्य कमरा खुला था, जबकि बाहर कार्यक्रम की तैयारियां जारी थीं। शाम तक अधिकारी भी भोज में शामिल होने पहुंच गए। ग्रामीणों ने इसे सरकारी मयार्दाओं का उल्लंघन बताते हुए उच्चस्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# मीना मंच एवं पावर एंजिल कार्यशाला में 68 सुगमकर्ता प्रशिक्षित, जेंडर समानता का मिला सशक्त संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** ब्लॉक संसाधन केंद्र शंकरगढ़ में स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय मीना मंच एवं पावर एंजिल सशक्तिकरण कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यशाला का उद्देश्य सुगमकताओं में नेतृत्व क्षमता, जीवन कौशल, आत्मसम्मान एवं जेंडर संवेदनशीलता को मजबूत बनाना रहा।कार्यशाला का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी शंकरगढ़ अखिलेश वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। समग्र शिक्षा विभाग के तत्वावधान में राज्य स्तर पर प्रशिक्षित संदर्भदाता रमेंद्र कुमार सक्सेना एवं आभा रानी श्रीवास्तव ने कार्यशाला का संचालन किया तथा कुल 68 सुगमकताओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में जीवन कौशल, प्रगति के पंख मॉड्यूल, जेंडर स्टीरियोटाइप, यूनिसेफ की आधा-फुल कॉमिक्स, मीना मंच गठन, वीरांगना ऐप, पॉक्सो एक्ट,



अरमान मॉड्यूल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला के दूसरे दिन यूनिसेफ प्रतिनिधि इंजी. मोहम्मद कमर रजा ने प्रतिभागियों से संवाद किया तथा उनके प्रस्तुतीकरण की सराहना की। उन्होंने फीडबैक लेते हुए जेंडर समानता और बालिका सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर सुगमकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। मिनट-टू-मिनट संचालित इस कार्यशाला में लिंग संबंधी रूढ़ियां, आदर्श रूप, मीडिया की भूमिका, रंग-रूप तुलना, शरीर से जुड़ी नकारात्मक धारणाएं और चैंपियन बनने के गुण जैसे विषयों पर गतिविधियां कराई गईं। समापन सत्र में प्रतिनिधि मोहम्मद कमर रजा एवं खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने सभी सुगमकर्ताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर विजय सिंह,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से सुगमकर्ता रेनू देवी व सहायक लेखाकार शुभांग पांडेय ने भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

# मांडा के तीन बीएलओ का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण

**प्रयागराज जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

**मांडा।** प्रयागराज के मांडा विकास खंड के तीन बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने सघन मतदाता पुनरीक्षण अभियान का कार्य शत प्रतिशत पूरा कर लिया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रयागराज के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यमुनापार क्षेत्र के मांडा विकास खंड में बूथ संख्या 306 के बीएलओ लक्कड़ प्रसाद (शिक्षामित्र), बूथ संख्या 284 के बीएलओ श्रवण कुमार (शिक्षामित्र) और बूथ संख्या 309 के बीएलओ रवि शंकर यादव (रोजगार सेवक) ने अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य पूरी तरह से संपन्न किया। बीडीओ मांडा अनीस अहमद ने बताया कि समूचे मेजा क्षेत्र में जिन तीन बीएलओ ने शत प्रतिशत कार्य पूरा किया है, वे सभी मांडा विकास खंड से ही हैं।

इन तीनों बीएलओ की कार्य तत्परता और समर्पण की सराहना उनके सहकर्मियों और अभियान से जुड़े अधिकारियों ने की है। उन्हें अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उनके सराहनीय योगदान के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं दीवाल घड़ी प्रदान कर सम्मानित किया।



## पुरानी रंजिश में को लेकर मार पीट, छेड़खानी चार के खिकफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडो से हुई मार पीट तथा छेड़खानी। भुक्त भोगी ने चार के खिलाफ तहरीर दे कर मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव के एक यूवक का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी मेरे दो गायो को जहर देकर मार दिए जब वह पूछने गया तो विपक्षियो ने गाली गुप्ता देते हुए मार पीट कर जख्मी कर दिए तथा जान से मारने की धमकी दिए बीच पचाओ में आई मेरी बहन के साथ छेड़खानी की गई। यूवक ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर मो आलम, मो इस्लाम, मो सुल्तान तथा मो कैफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारें करती हैं बदले की भावना से राजनीति : अरूण तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक करछना में कांग्रेस के निवर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरूण तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक को सम्बोधित करते हुए अरूण तिवारी ने कहा कि मौजूदा भ्रष्ट भाजपा सरकार केवल जनता का शोषण कर रही है कांग्रेस सरकार में बनी कम्पनियों में ताले लटक रहें हैं किसी भी कम्पनी कल कारखानों का निर्माण नहीं हुई सरकार केवल व केवल नोट बंदी गब्बर सिंह टैक्स जी यस टी वोट चोरी में पूरी तरह मग्न है उन्हें पता नहीं है कि मिलना है कर्मो का फल आज नहीं तो निश्चय कल अरूण तिवारी ने बताया कि देश में बिगड़ती कानून व्यवस्था मंहगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार वोट चोरी तमाम समस्याओं को लेकर देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसम्बर को विशाल रैली होने जा रही है जिसमें देश के कोने कोने से कांग्रेस पदाधिकारी कार्य कर्ता पहुँच रहे हैं श्री तिवारी ने कहा कि प्रयागराज जमुना पार से भी रामलीला मैदान दिल्ली में हजारों हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुँचेगे दिल्ली रैली में जाने की अपील करने वालों में सर्व रंगराज सिंह निवर्तमान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शिव विजय सिंह डा शीतला प्रसाद पाण्डेय रामछविले मिश्र पूर्व प्रधान त्रिपुरारी कांत मिश्र विनय कृष्ण पाण्डेय जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रकाश पाण्डेय एडो विद्याधर मिश्र एडो , सुरेश पटेल मंत्री जी, श्यामबाबू, रविराज सिंह रशीद हैदर, अशगर अली, नाहर मिश्र पवनेश सोनी,नागेश पूर्व जिला महासचिव आशीष कुमार मिश्र एडो नीरज मिश्र लाल चंद यादव एडो रमेश तिवारी एडो अमर नाथ यादव आशाराम मिश्र दिल्ली रैली में जाने के लिए आज की बैठक का संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डा दिनेश कुमार सोनी ने किया।



# दूबे तालाब के पास लगा बिजली बिल राहत शिविर



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के दूबे तालाब में बिजली बिल राहत योजना 2025 के तहत रींवा रोड पावर हाउस के टीजी डब्ल्यू-2 द्वारा मंगलवार को दूबे तालाब के समीप विशेष शिविर (कैंप) आयोजित किया गया। शिविर में स्थानीय नागरिकों को सरकार की बिजली बिल राहत योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई तथा योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कैंप का संचालन कर रहे टीजी डब्ल्यू-2 के रंजन कुमार यादव ने बताया कि लोगों में योजना के प्रति खासा उत्साह और जागरूकता देखने को मिली। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान कुल 15 उपभोक्ताओं ने तुरंत पंजीकरण कराया, जिससे उन्हें भविष्य में बिजली बिल में मिलने वाली राहत का सीधा लाभ प्राप्त होगा। शिविर के सफल संचालन में लाइनमैन संजय पटेल, मंगल, राजेंद्र, सुजित, पंकज सहित अन्य कर्मचारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

## मांडा ब्लॉक के सफाई कर्मी वीरेंद्र कुमार का निधन, शोक की लहर

**मांडा।** प्रयागराज के मांडा ब्लॉक में तैनात सफाई कर्मी वीरेंद्र कुमार (36) का मंगलवार दोपहर लगभग 3 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वह मांडा ब्लॉक मुख्यालय के अंतर्गत बामपुर गांव के निवासी थे और ग्राम पंचायत भौसरानरोत्तम (बसकड़ी) में तैनात थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही मांडा ब्लॉक कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। मांडा एडीओ पंचायत अरुण कुमार यादव ने वीरेंद्र कुमार के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

वीरेंद्र कुमार अपने पीछे पत्नी सीता देवी और पांच बच्चों को छोड़ गए हैं। उनके दो बेटे हर्ष कुमार (18), रितेश कुमार (15) और तीन बेटियां करीना (20), रबीना (17) और उमांशी (11) हैं। उनके देहांत के बाद से ही स्थानीय लोगों और रिश्तेदारों का उनके आवास पर आने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। वीरेंद्र कुमार का अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा।



# करछना पुलिस ने मिशन शक्ति की जानकारी दी: बाबा रामनाथ यादव इंटर कॉलेज में छात्रों को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रयागराज कमिश्नरेट के करछना थाना क्षेत्र में मुख्यमंत्री के मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत एक जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। यह चौपाल बाबा रामनाथ यादव इंटरमीडिएट कॉलेज, संत नगर धरवारा में लगाई गई, जिसमें मिशन शक्ति टीम और एंटी रोमियो टीम ने भाग लिया। थाना प्रभारी विपिन अनूप सरोज और महिला उप निरीक्षक रिया द्विवेदी भी उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य ममता आदिवासी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विद्यालय के अध्यक्ष दूधनाथ यादव, प्रबंधक दयनाथ यादव और प्रधानाचार्य देवेंद्र नाथ यादव भी मौजूद थे। इनके साथ राजलू विश्वकर्मा सहित कई अध्यापकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

इस चौपाल के दौरान छात्र-छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें वुमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 और फायर ब्रिगेड हेल्पलाइन नंबर 101 शामिल थे।

इसके अतिरिक्त, उन्हें यातायात नियमों से अवगत कराया गया। साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

# माघ मेला के आयोजन को सकुशल, निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराये जाने की मंगल कामना के लिए संत-महात्माओं, वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संगम तट पर किया गया गंगा पूजन

## स्वच्छ, सुगम, सुलभ, सुरक्षित एवं भव्य रूप से माघ मेले का सम्पन्न कराया जायेगा आयोजन : मण्डलायुक्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पतित पावनी गंगा-यमुना-सरस्वती के त्रिवेणी संगम के पावन तट पर मंगलवार को माघ मेला 2026 के सकुशल सम्पन्न होने की मंगल कामना हेतु मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मेलाधिकारी/प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषिराज, नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा व अन्य अधिकारियों के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ गंगा पूजन किया गया तथा मां गंगा से माघ मेला को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने की कामना की गयी। इस अवसर पर बड़े हनुमानजी मंदिर के महंत बलवीर गिरि जी महाराज, अन्य संत-महात्माओं के साथ महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने भी मां गंगा का पूजन किया।

गंगा पूजन के पश्चात मण्डलायुक्त ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि आज गंगा पूजन सम्पन्न हुआ है। आज से भूमि का आवंटन प्रारम्भ हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप स्वच्छ, सुगम, सुलभ, सुरक्षित एवं भव्य रूप से माघ मेले का आयोजन सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि मेले का आयोजन 7 सेक्टरों में 800 हेक्टेयर में भूमि का आवंटन किया जायेगा। इस बार माघ मेले में लगभग 15 करोड़ लोगो के आने का अनुमान है। उन्होंने कहा की पुराने अनुभवों से सीख लेकर इस बार कुछ नए प्रयोग भी किए जा रहे है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के सुगमता के दृष्टिगत श्रद्धालुओं को कम से कम चलना पड़े, पार्किंग व्यवस्था अच्छी हो, भीड़ प्रबंधन को और बेहतर बनाने, टैªफिक व्यवस्था को बेहतर ढंग से लागू करने, नेटवर्किंग की अच्छी व्यवस्था सहित अन्य सभी कार्य किए जा रहे है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि संत-महात्माओं की उपस्थिति में गंगा पूजन सम्पन्न हुआ है। मां गंगा से यह प्रार्थना की गयी है आगामी माघ मेले का आयोजन सकुशल, निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। उन्होंने कहा कि मेले में 15 करोड़ से अधिक लोगो के आने का अनुमान है। इसके दृष्टिगत बेहतर भीड़ प्रबंधन, टैªफिक, माघ मेले क्षेत्र के अंदर की व्यवस्थाओं पर सम्बंधित विभागों के साथ बैठक कर सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा गया है। बाहर से आने वाले रास्तों पर पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि सुव्यवस्थित रूप से मेले के आयोजन को सम्पन्न कराया जायेगा।

माघ मेलाधिकारी ऋषिराज ने कहा कि माघ मेले को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अपने विभाग से सम्बंधित कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए गए है। इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण, तीर्थपुरोहित एवं धमार्चार्यों के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## सरायममरेज पुलिस ने वांक्षित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जंघई।** थानाध्यक्ष सरायममरेज अतुल कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मंगलवार को मुकदमा अपराध संख्या 235/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस थाना सरायममरेज में वांक्षित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र संजय गौतम निवासी मोहम्मदाबाद भोपतपुर, थाना उतरांव को गिरफ्तार किया गया एवं उपरोक्त अभियुक्त के कब्जे से अपहृता को सकुशल बरामद किया गया गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक मिताली सिंह,




कांस्टेबल मंजीत कुमार, कांस्टेबल संगीता पटेल शामिल रहे।

## गार्ड आफ आनर के साथ सेना के जवान की अंत्येष्टि, स्कार्पियो सवारों ने की थी नृशंस हत्या, आरोपित भेजे गए जेल

**प्रयागराज।** गंगापार में करछना के धरवारा गांव स्थित मोड़ के पास हुई सेना के जवान विवेक सिंह की हत्या के मामले में गिरफ्तार पांचों आरोपितों को करछना पुलिस ने मंगलवार सुबह जेल भेज दिया गया। वहीं, मनैया घाट पर विवेक सिंह की अंत्येष्टि की गई। सेना के जवानों ने गार्ड आफ आनर दिया। मौजूद लोगों ने हत्यारोपितों को कड़ी से कड़ी देने की मांग करते हुए मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की बात कही।

सेना में सूबेदार रहे धरवारा निवासी उमाकांत सिंह के दो पुत्रों में छोटा 30 वर्षीय विवेक सिंह सेना में थे और दिल्ली में तैनात थे। 29 नवंबर को चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए वह घर आए थे। विवाह वाले दिन अपने दोस्त विनय जैन को कार से छोड़ने कोहड़ार बाजार गए थे। साथ में मित्र करन सिंह भी थे।

देर रात विनय जैन को छोड़कर विवेक व करन घर लौट रहे थे। धरवारा मोड़ के पास स्कार्पियो सवारों से वाहन ओवरटेक करने को लेकर विवाद हो गया। स्कार्पियो से उतरे लोगों ने विवेक को कार से बाहर खींचा और फिर असलहा व लोहे के राड से जमकर पीटा था। विवेक को स्वजन पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना और फिर लखनऊ स्थित मिलिट्री हास्पिटल ले जाकर भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान सोमवार भोर में करीब तीन बजे उनकी मौत हो गई थी।

पिता उमाकांत सिंह ने करछना थाने में पुलिस विभाग में रेडियो आपरेटर राजकमल पांडेय, भाई लाल यादव, राजू अग्रहरि निवासी चकराना तिवारी, सैन्यकर्मी राजीव ठाकुर निवासी गोविंदपुर चकराना तिवारी व दिनेश यादव निवासी चकराना तिवारी रामसागर चाका के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था।

## बीएससी छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के लाहुरपुर गांव में मंगलवार की सुबह बीएससी फाइनल की एक छात्रा ने अपने कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

लाहुरपुर निवासी राम शिरोमणि मिश्रा की 22 वर्षीय पुत्री बबीता, जो बीएससी फाइनल की छात्रा थी, मंगलवार की सुबह नित्य क्रिया के बाद अपने कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक कोई हलचल न होने पर उनके बड़े भाई विवेक मिश्रा जो एक अधिवक्ता हैं ने आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। रोशनदान से देखने पर पता चला कि बबीता दुपट्टे के सहारे पंखे के चुल्ले से लटकी हुई थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। एसीपी थरवई चंद्रपाल सिंह और फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की जांच पड़ताल की। एसीपी चंद्रपाल सिंह ने बताया कि आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल फोन कब्जे में ले लिया है, जिसकी काल डिटेल खंगाली जाएगी। बताया गया है कि छात्रा के पिता राम शिरोमणि मिश्रा एक पुराने मुकदमे के चलते पिछले पांच साल से नैनी जेल में हैं। बबीता अपने भाइयों के साथ गांव में रह रही थी।

## एसआईआर को लेकर एसडीएम मेजा ने बीआरसी उरुवा के परिषदीय शिक्षकों के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र उरुवा के सभागार में एसआईआर को लेकर एसडीएम मेजा सुरेंद्र प्रताप यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं इ.प्रधानाध्यापकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम मेजा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है,जो कि समयबद्ध है। एसआईआर के कार्य में सभी शिक्षकों को बीएलओ का सहयोग करते हुए समय से कार्य पूर्ण करना है तथा सभी मतदाताओं की मैपिंग भी की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआइआर अभियान को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में चुनाव आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को एप में मतदाताओं की श्रेणी एडिट करने का अधिकार मिल गया है। यह कदम उस समस्या के समाधान के रूप में है जिससे बीएलओ व मतदाता जूझ रहे थे एसआइआर के गणना प्रपत्रों को 11 दिसंबर तक जमा किया जाना



एसआईआर को लेकर बीआरसी उरुवा के सभागार में शिक्षकों के साथ बैठक करते एसडीएम मेजा

है,इसमें मतदाताओं से वर्ष 2003 की मतदाता सूची का विवरण दर्ज करने को कहा गया है। कई मतदाताओं को यह विवरण नहीं मिल पा रहा था,जिसके चलते बीएलओ को उन्हें तीसरी श्रेणी (अनट्रेस/नॉट वेरिफाई) में दर्ज करना पड़ रहा है। इसी क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा वरुण मिश्रा ने कहा कि सभी शिक्षक एसआईआर का कार्य मिल जुलकर अपने अपने भाग संख्या में बीएलओ का सहयोग करते हुए समय से पूर्ण किया जाय तथा शत प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग भी पूर्ण कर ली जाय। बैठक के उपरांत बीईओ उरुवा वरुण मिश्रा ने दुबारा प्रधानाध्यापकों के साथ विभागीय कार्यों के समीक्षा के लिए एक बैठक की। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाय और एमबीयू डाटा तथा अपार आईडी का कार्य भी शिक्षक जल्द से जल्द पूर्ण कर ले और सभी शिक्षक बच्चों का निपुण आकलन करते हुए उसकी कठिनाइयों को भी चिन्हित करते हुए समाधान करें जिससे सभी विद्यालय इस सत्र में निपुण बन सकें। वहीं पूर्व एआरपी राजेश मिश्रा ने कहा कि शिक्षक और बीएलओ परेशान न हो मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान में सुधार प्रक्रिया होगी। गलत,सरल श्रेणी में दर्ज हो चुके मतदाताओं को भी समाधान मिलेगा। इस मौके पर एआरपी उरुवा अजीत मिश्रा, रामानंद शुक्ला व पूर्व एआरपी राजेश मिश्रा, संदीप पांडेय, दिवाकर दत्त मिश्रा, चित्रा शुक्ला, बृजेश शुक्ला, राजेश कोलहा, प्रांजली श्रीवास्तव, शिप्रा, अनुज श्रीवास्तव, शालनी अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार, ज्योति रानी, सुभाष चंद्र, अर्चना सेन, रामइकबाल राम, सुनील कुमार मिश्रा, पुष्कर द्विवेदी, प्रवीण प्रजापति, शुभम तिवारी, ममता द्विवेदी, निशा, पंकज अग्रवाल, राजीव लोचन शुक्ला, अर्चना त्रिपाठी, रमाकांत सिंह, सरस्वती द्विवेदी, अरुणा जैसल, ओम प्रकाश द्विवेदी, अनिल कुमार सिंह, मंगला प्रसाद, सुनील कुमार सिंह, सूरज कुमार व रंजीत यादव आदि शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा बीआरसी लेखाकर कृष्ण कुमार शुक्ला प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

## नीलगाय का शिकार करने वाले सात लोग गिरफ्तार, वाहन से मांस व बंदूक और शिकार के उपकरण बरामद

**प्रयागराज।** नीलगाय का शिकार कर रहे शिकारियों को देख ग्रामीणों ने सोमवार देर रात नवाबगंज पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घेराबंदी कर नीलगाय के मांस समेत सात आरोपितों को गिरफ्तार कर जांच शुरू की है। गंगापार के शृंगवेरपुर स्थित भैरव घाट के पास सोमवार देर रात ग्रामीणों ने कुछ संदिग्ध लोगों को देखा। ग्रामीणों का आरोप है कि इन लोगों ने एक नीलगाय का शिकार किया। इसके बाद चापड़ से उसके टुकड़े किए और उसे बोरी में भरकर चार पहिया वाहन से ले जाने लगे। इसी बीच ग्रामीणों की सूचना पर मेंडारा गांव के पास नवाबगंज पुलिस ने घेराबंदी करके सात लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए लोगों में प्रतापगढ़ जिला के हथिगवां थानाक्षेत्र के परेवा नारायण गांव निवासी मो. अजहर शेख, फैज फारूखी, अतहर फारूखी, मो. मारिच, सरवर आलम, मो. नफीस और लिंकिंग रोड गली नंबर छह पुलिस चौकी हिलोट बांद्रा मुंबई के गयासुद्दीन हैं। पुलिस ने चार पहिया वाहन से नीलगाय का मांस, दोनली बंदूक, शिकार के उपकरण आदि भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में छह प्रतापगढ़ और एक महाराष्ट्र का रहने वाला है।

## विपिन कुमार ने बीएसए लखनऊ का पदभार संभाला




**अखंड भारत संदेश**

**लखनऊ।** मंगलवार को विपिन कुमार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए), लखनऊ का पदभार संभाल लिया। शिक्षा क्षेत्र में उनका व्यापक और समृद्ध अनुभव रहा है। इससे पूर्व वे प्रयागराज डायट में वरिष्ठ प्रवक्ता, समग्र शिक्षा में विशेषज्ञ (निवर्तमान), बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक तथा खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर सेवाएँ दे चुके हैं। विपिन कुमार मूल रूप से कौशांबी जनपद के रहने वाले हैं और उनकी शिक्षा-दीक्षा कौशाम्बी और प्रयागराज से हुई है। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर प्रयागराज के विपिन कुमार कुशवाहा ने भी मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं और नई जिम्मेदारी के लिए बधाई प्रेषित की। सब कुमार की नियुक्ति को लखनऊ जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता और प्रशासनिक दक्षता को नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत तहसीलदार ने चौपाल लगाकर मतदाताओं को किया जागरूक

**बारा।** बारा तहसील में चल रहे सघन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को तहसीलदार बारा रोशनी सोलंकी ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चौपाल लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया और कर्मचारियों को समय पर काम पूरा करने की हिदायत दी।

मिली जानकारी के अनुसार बारा तहसील के दर्जनों बीएलओ ने शत प्रतिशत फीडिंग कर लिया है किन्तु कुछ बीएलओ का काम अभी भी अधूरा है।इस तरह के बूथों को चिन्हित कर तहसीलदार बारा ने केंद्र पर मतदाताओं को इकट्ठा किया और उनको मतदाता प्रपत्र वितरित कर पूरा कराया। उन्होंने कर्मचारियों को भी हिदायत दी कि शेष मतदाताओं का फार्म घर पर जाकर पूरा करें।न मिलने की स्थिति में मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जाय और



बात कर ही नाम डिलीट करें। बीएलओ की नैतिक जिम्मेदारी है कि मतदाताओं से मिल कर ही काम पूरा करें। विशेष समस्या आने पर जानकारी अवश्य दें।हर हाल में निश्चित समय पर ही काम पूरा करना है।

## फिंगर प्रिंट बताएंगे ट्रेन या रेलवे स्टेशन पर कब किया है अपराध

**प्रयागराज।** अब ट्रेन में चोरी करने वाला चोर या प्लेटफार्म पर छिनैती करने वाला बदमाश कितना भी शातिर हो, उसकी उंगलियों के निशान उसे बेनकाब कर देंगे। अपराधी के पकड़े जाने के बाद फिंगरप्रिंट एक बार दर्ज हुआ, फिर जीवन भर पीछा नहीं छोड़ेगा। जीआरपी प्रयागराज ने यह नया हथियार थाम लिया है और अपराधियों की उंगलियों को देश के सबसे बड़े डिजिटल जाल में कैद करना शुरू कर दिया है। इसका नाम है नफीस यानी नेशनल आटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम। देशभर में अपराधियों के फिंगरप्रिंट का यह सबसे बड़ा केंद्रीकृत डेटाबेस है, जिसे नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) चलाता है। अभी तक सुरक्षा एजेंसियां, यूपी समेत दूसरे राज्यों की पुलिस इसका इस्तेमाल करते थी, लेकिन अब यूपी जीआरपी भी पूरी ताकत से इसमें शामिल हो रही है।

## विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अंतर गतविद्यालय का वार्षिक निरीक्षण कार्य प्रारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अंतर गतविद्यालय का वार्षिक निरीक्षण कार्य प्रारम्भ हुआ। निरीक्षण कार्य हेतु सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लालागंज अझहरा प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य उमा शंकर मिश्र एवं उनके सहयोगी आचार्य शिव प्रताप तिवारी, शशांक शेखर द्विवेदी एवं राम शिरोमणि मिश्र के द्वारा विद्यालय निरीक्षण वंदना सत्र से प्रारम्भ हुआ।वंदना में आये हुए महानुभावों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन किया तातपश्चात विद्यालय के भैया बहिनों ने माँ सरस्वती की वंदना करायी जिसमे सभी ने पूर्ण मनोयोग से माँ की आराधना की। वंदना के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र तिवारी ने आये हुए अथिति महानुभावों का परिचय एवं सम्मान कराय। उसके पश्चात निरीक्षण टोली के प्रमुख प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने



भैया बहिनों के साथ ही विद्यालय परिवार को अपना पाथेय प्रदान करते हुए संघ शताब्दी वर्ष के पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व -बोध एवं नागरिक कर्तव्य विषय को अच्छी प्रकार से समझाते हुए आवाहन किया कि हम सभी इसे समाज के विभिन्न स्थनों एवं लोगों के मध्य लें जाएँ और वर्तमान समय में इसके औचित्य को सहज तरीके से रखें जिससे मानव समाज का कल्याण हों सके इसके साथ ही भैया बहिनों को आप कार्य एवं दायित्व को निष्ठा पूर्वक करते हुए निरंतर प्रगति के मार्ग पर बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिए इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचर्य बंधु भगिनी उपस्थित रहें।

# रंगारंग कार्यक्रम के बीच शुरू हुआ चार दिवसीय खेल महोत्सव

## एसडीएम लालगंज ने महोत्सव का किया भव्य शुभारंभ




**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल सोसाइटी द्वारा आयोजित चार दिवसीय खेल महोत्सव का रामकृपाल मिश्र इंटरमीडिएट कॉलेज एवं चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल में शुभारंभ उपजिलाधिकारी लालगंज शैलेंद्र वर्मा ने किया। खेल महोत्सव के पहले दिन लॉन्ग जंप में शिवांश मिश्रा प्रथम, निखिल सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में वॉलीबॉल में मोहम्मद अयान की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। वहीं खो खो में जिया मिश्रा की टीम भी विजयी रही, कबड्डी में जूनियर वर्ग में अबू साद की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। इसी क्रम में एलकेजी में म्यूजिकल चेयर में अबूसाद प्रथम, बनाना रेस में मोहम्मद आयात प्रथम, आयशा तृतीय स्थान पर रही। जलेबी रेस मे अक्षांश प्रथम, यशी तिवारी द्वितीय स्थान पर रही। यूकेजी में म्यूजिकल चेयर में अंकुश प्रथम, बनाना रेस में ऑफिस खान प्रथम, अर्पित वर्मा द्वितीय, आर्य वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। फ्राग रेस में आयुष प्रथम, अर्पित द्वितीय, अयान वर्मा आर्यन व तीसरे स्थान पर रहे। वहीं जलेबी रस में आस्था प्रथम आयुष द्वितीय, अनन्या वर्मा तीसरे स्थान पर रहे। चार दिवस खेल महोत्सव का शुभारंभ करते हुए उप जिलाधिकारी लालगंज शैलेंद्र वर्मा ने कहा कि हर छात्र छात्राओं को खेल में भाग जरूर लेना चाहिए। उप जिलाधिकारी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा शिक्षा के साथ ही खेल का जीवन में बहुत ही महत्व है आज खेल को भी लोग अपने रोजगार के रूप में देख रहे हैं। कार्यक्रम में सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला व संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, व्यापारमंडल अध्यक्ष जाकिर अली आदि का आयोजन समिति ने सारस्वत सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन शिवनारायण गुप्ता तथा संयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास मिश्रा ने करते हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रगति के साथ ही शिक्षा में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य ध्रुव नारायण मिश्र, शमशाद अहमद, सूर्यभान वर्मा, रोहित यादव, शेखर शुक्ला, किरण ओझा, संजू त्रिपाठी, दिव्या त्रिपाठी, सुचिता त्रिपाठी, तरन्नुम बानो, फातिमा, पारूल शुक्ला, स्तुति तिवारी, श्रद्धा सिंह, श्रद्धा शुक्ला, श्रद्धा द्विवेदी, साक्षी सिंह, निशा सिंह आदि रहे।

# वनीकरण पौधशाला का दिया गया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वन विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 वृक्षारोपण महाअभियान में गुणवत्ता पूर्वक वृक्षारोपण, पौधशाला प्रशिक्षण कराने के लिए ग्राम्य विकास विभाग के टी०ए०, ए०पी०ओ०, जी०आर०एस, ग्राम प्रधानों तथा कृषकों को वनीकरण पौधशाला प्रशिक्षण विकास भवन सभागार कक्ष और विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, पट्टी, आसपुर देवसरा, कुण्डा, सण्ड़वा चन्द्रिका, मंगरौरा, बाबागंज और सदर विकास खण्ड में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। पौधशाला प्रशिक्षण में थैलों में मिट्टी भरान हेतु मिश्रण तैयार करने की विधि, पौधशाला में थैला भरान की प्रक्रिया, प्लांट तैयार करने एवं क्यारी तैयार करने की प्रक्रिया, सीड-बेड़ तैयार करने की प्रक्रिया, सीड-बेड में थैलों में प्रिकिंग, पौधशाला में निराई-गुड़ाई एवं कीट-नाशक के छिड़काव का प्रयोग, पौधशाला में सिंचाई की प्रक्रिया एवं जल संसाधन एवं जल की व्यवस्था, पौधशाला में जीवामृत का प्रयोग के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार वृक्षारोपण प्रशिक्षण में वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन की प्रकिया, वृक्षारोपण हेतु अग्रिम मृदा (गड्ढा खुदान) की प्रकिया (यांत्रिक एवं मैनुवल), गड्ढा भरान हेतु गोबर खाद एवं जिप्सम आदि का प्रयोग, वृक्षारोपण हेतु समुचित पौधों का रख-रखाव, वृक्षारोपण हेतु सिंचाई की व्यवस्था जैसे नहर, तालाब, टैंकर, बोरिंग, वृक्षारोपण की सुरक्षा व्यवस्था जैसे- तार-बाड़, आयरन ट्री-गार्ड सुरक्षा खाई का प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन विभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी अवध बिहारी पट्टी, क्षेत्रीय वन अधिकारी अमरजीत मिश्रा सण्डवा चन्द्रिका, क्षेत्रीय वन अधिकारी शिवप्रसाद मिश्रा लालगंज, क्षेत्रीय वन अधिकारी नरेन्द्र वर्मा सदर, क्षेत्रीय वन अधिकारी हनुमान प्रसाद कालाकांकर, क्षेत्रीय वन अधिकारी आशीष सिंह कुण्डा एवं समस्त रेंज के वन दरोगा के साथ प्रक्षिण सम्पन्न हुआ।



## नौकरी के नाम पर लाखों ठगे, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सांगीपुर वार्ड निवासी पंकज कुमार दुबे पुत्र स्व0 बाल भगवान दुबे ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि नगर कोतवाली के पूरे ईश्वरनाथ मीरा भवन निवासी आरोपी विमल पाण्डेय पुत्र महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने पीड़ित को अपने आवास पर बुलाया और एडीजे कोर्ट में क्लर्क की नौकरी दिलाने की बात कही। पीड़ित का आरोप है कि झांसे में आकर उसने आरोपी को कई बार में कुल तेरह लाख नब्बे हजार रुपए दिये। खुद को ठगी का शिकार होने की जानकारी होने पर पीड़ित आवाक रह गया। उसने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगे। बार बार मांगने के बाद आरोपी ने पचास हजार रुपए वापस भी किया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार की है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी विमल पाण्डेय के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

# बारात आई तो तुम्हारे बेटे या बेटी को गोली मार दूंगा...

- युवक ने दूसरी जगह शादी करने पर मोबाइल फोन पर दी धमकी
- पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**रवींद्र मिश्रा**

**बेलखरनाथ धाम।** हेलो! जिस लड़के से तुमने अपनी बेटी की शादी तय की है वह आवारा है और बीमार रहता है। अगर बारात आई और शादी हुई तो तुम्हारी बेटी या बेटे को गोली मार दूंगा।मोबाइल फोन पर आएं इस तरह के धमकी भरे फोन काल से वर व वधू दोनों पक्ष के लोग डरे सहमें हुए हैं। हालांकि दुल्हन की मां की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने मोबाइल फोन पर धमकी देने वाले अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिसकी चर्चा इलाके में जोरों पर है।

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के एक गांव कीयुवती की शादी इसी थाना क्षेत्र के सोनाही गांव में एक युवक से तय हुई है। अप्रैल माह 2026 में दोनों की शादी होने वाली है।लेकिन एक सप्ताह से लगातार युवती की मां के मोबाइल पर फोन काल आ रहा है कि तुमने अपनी बेटी की शादी जिस लड़के से तय की है वह आवारा है और उसे मिर्गी आती है।यदि बारात आई तो तुम्हारी बेटी या बेटे को गोली मार दूंगा। मोबाइल पर आए इस तरह के धमकी भरे फोन काल से वर वधू दोनों पक्ष के लोग हैरान परेशान हैं जिसकी चर्चा इलाके में भी चर्चा जोरों पर है। इस मामले में सोमवार को दुल्हन की मां की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीपपुर बलराम सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### अभद्रता को लेकर युवती ने दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** अभद्रता को लेकर पीड़ित युवती ने पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की युवती कस्बा में किराये के कमरे मे चल रहे ब्यूटी पार्लर पर कार्य करती है। पीड़िता का आरोप है कि यहां कुछ युवक उसके साथ अभद्रता करते हैं। विरोध करने पर आरोपीगण जबरिया किराये का कमरा खाली करवा लेने की धमकी देते हैं। परेशान पीड़िता ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर न्याय व सुरक्षा की गुहार लगायी है।

### छात्रा के अपहरण का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** छात्रा के अपहरण को लेकर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस नवंबर को उन्नीस वषीर्या उसकी पुत्री लालगंज कस्बा स्थित एक महाविद्यालय में पढ़ाई करने गयी थी। आरोप है कि लालगंज बाजार से उसे क्षेत्र के देवापुर निवासी लल्लू मिश्र जबरिया अपहृत कर ले गया। पीड़ित मां का यह भी आरोप है कि तीस नवंबर को अपहृत युवती ने फोन करके आपबीती बताई और अनहोनी की आशंका भी जतायी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### आरोपी पर मारपीट व तोडफोड़ का केस

**लालगंज।** रंजिश में मारपीट व तोडफोड व धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे निर्मल गिरधर गांव निवासी सत्य नारायण मिश्र पुत्र जमुना प्रसाद मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती एक दिसंबर की सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव के सत्यदेव पाण्डेय पुत्र लालता प्रसाद पाण्डेय ने रंजिशन गालीगलौज करते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने पीड़ित की गाड़ी में भी तोडफोड की। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### आरोपी के घर कुर्की की नोटिस हुई चस्पा

**प्रतापगढ़।** दुष्कर्म के आरोपी के घर पहुंचकर पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा की है। उदयपुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर मुस्तफाबाद निवासी संजय पाण्डेय पुत्र ननकऊ पाण्डेय दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित है। दरोगा राजेश शुक्ला ने बताया कि आरोपी के घर पर कुर्की की नोटिस चस्पा की गयी है।

### आबादी की जमीन पर कब्जा करने से मना करने पर मारपीट

**बेलखरनाथ धाम।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के देवलहा निवासी सत्यनारायण पांडे ने बताया कि घर के सामने पुश्तैनी आबादी की जमीन स्थित है जो सरकारी अभिलेख घरौनी में मेरे नाम पर है। उक्त आबादी की जमीन पर विपक्षी रविवार को आधा दर्जन इकट्ठा होकर जबरन कब्जा करने के लिए पिलर डालकर निर्माण कार्य कर रहे थे। मना करने पर विपक्षियों ने गाली गलौज देते हुए मारपीट की जिसमें सत्यनारायण की आंख में गंभीर चोटें आ गई। पीड़ित की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने देवलहा निवासी सूर्यकांत नीरज कांत सरिता पुनीत के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### मोटरसाइकिल वापस देने से किया इनकार, शिकायत

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत नगर गांव निवासी भूपेंद्र कुमार पुत्र हरिलाल ने मंगलवार को पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है किबीते 22 नवंबर 2025 की शाम 6 बजे के आस-पास उसका एक रिश्तेदार घर पर आया और मोटरसाइकिल मांग कर ले गया। जब पीड़ित उससे अपनी मोटरसाइकिल वापस मांग रहा है तो वह देने से इनकार करते हुए एलानिया धमकी दे रहा है।कहा कि मोटरसाइकिल वापस नहीं करूंगा जो करना है कर लो। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए अपनी मोटरसाइकिल वापस दिलाए जाने की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## आमने-सामने से टकराई बाइक, चार घायल

**प्रतापगढ़।** दो बाइकों की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया।

मानिकपुर थानाक्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी पंकज मौर्या (24) पुत्र मोहन लाल मौर्या सोमवार की रात दावत से घर लौट रहा था। जैसे ही वह महेशगंज थानाक्षेत्र के बहोरिकपुर गांव के सामने पहुंचा, सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। इससे दोनों बाइक पर सवार चार लोग सड़क पर गिर पड़े। पंकज के साथ बाइक पर रहे रामदीन पटेल (35) पुत्र राम दुलारे पटेल, विपिन पटेल (30) पुत्र गयादीन पटेल व उसका भाई सुभाष पटेल (19) घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा गया। जहां पर हालत गंभीर होने पर उन्हें डाक्टरों ने रेफर कर दिया।

# युवक की गोली मारकर हुई हत्या में चार पर मुकदमा

- परिजनों ने अफसरों को सौंपा मांग पत्र
- मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**प्रतापगढ़।** युवक की गोली मारकर की गयी हत्या में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पीएम के बाद मंगलवार की शाम शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। गम के बीच परिजनों ने सभी आरोपियो की गिरफ्तारी, शस्त्र लाइसेंस, आर्थिक सहायता आदि की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे अफसरों को मांग पत्र सौंपा। अफसरों के समझाने पर परिजन शव को दफन करने पर राजी हुए। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। लालगंज कोतवाली के उधरनपुर निवासी तीस वर्षीय तस्कील पुत्र नईम सोमवार को दोपहर सांगीपुर थाना के कमयनपुर बाजार गया था। जहां पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने गोली मारकर तस्कील की हत्या कर दी थी। मामले में मृतक के भाई कलीम की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सांगीपुर के असांव निवासी अमान पुत्र अमजद, असरही लालगंज निवासी सलमान पुत्र सलीम खान व सलीम खान पुत्र ननकऊ तथा गोड़वा सांगीपुर निवासी इस्लाम पुत्र शरीफ के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मुख्य आरोपी अमान को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। इधर पीएम के बाद मंगलवार शाम करीब चार बजे मृतक का शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। परिजन फरार हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही बीस लाख के मुआवजे और दो शस्त्र लाइसेंस की मांग करते हुए मौके पर मौजूद अफसरों को मांग पत्र सौंपा। अफसरों के समझाने पर परिजन मृतक के शव का अंतिम संस्कार करने पर राजी हुए। सीओ आशुतोष मिश्र का कहना है कि फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।

# राष्ट्रीय प्रदूषण दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन



**प्रतापगढ़।** प्रभागीय निदेशक प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय प्रदूषण दिवस के अवसर पर कार्यालय के सभागार कक्ष संगोष्ठी का आयोजन प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जगदम्बिका प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी में प्रदूषण की रोकथाम एवं औद्योगिक सुरक्षा के विषय पर चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान पर्यावरणीय कानूनों पालन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। संगोष्ठी में बढ़ती हुई जनसंख्या अत्याधिक शहरीकरण, निजी वाहनों की बढ़ती हुई संख्या, जीवाश्म ईंधन का बढ़ता हुआ प्रयोग, खेती में जरूरत से ज्यादा कीटनाशकों का प्रयोग जैस-विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। प्रदूषण के जैवविविधता पर पड़ने वाले दुष्परिणामों पर भी विस्तृत प्रकाश डाला गया। संगोष्ठी में सार्वजनिक परिवहन के साधनों तथा नवीकरणीय ऊर्जा के साधनों का इस्तेमाल, बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण की आवश्यकता तथा नागरिकों में प्रदूषण के प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। संगोष्ठी में डा० गौरीशंकर व रूपेन्द्र यादव ने प्रदूषण के विषय में प्रस्तुती दी। संगीष्ठी में क्षेत्रीय वन अधिकारी सदर, क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र लालगंज एवं प्रभागीय कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

# गांव के सम्पर्क पर दौड़ रही डम्फर, धंसी सड़क

## ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**



**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांव में अवैध खनन करने वाले लोगों द्वारा डम्फर तथा आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर ट्राली लगातार गांव के सम्पर्क मार्ग पर ढुलाई करने से सड़क एक साल में ही धंस कर बर्बाद हो गई। उडैयाडीह बाजार से पृथ्वी गंज सड़क से डडवा महोखरी नहर से लेकर यादव बस्ती का खड़ंजा तथा किठौली गेट से पूरे सूखचैन जाने वाली लगभग साढ़े चार किलोमीटर की सड़क एक वर्ष पूर्व लाखों रुपए की लागत से मरम्मत कराई गई थी। लेकिन चार महीने से सड़क पर आधा दर्जन से अधिक ओवरलोड मिट्टी लादकर चलने वाले डंफर से सड़क की हालत खस्ता हो गई है। आए दिन राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। दबंग किस्म का जेसीबी मालिक ग्रामीणों के विरोध करने के बाद भी मारपीट के लिए तैयार हो जाता है।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम बचन यादव,अनिल कुमार पाठक,नाटे गौतम, कुलदीप यादव, विजय पाठक, हरी गुप्ता,पिंटू गुप्ता, डंफर चालक और उसके स्वामी को गांव का सम्पर्क मार्ग धंसने के मामले में रोका तो अराजकतत्वों को बुलाकर मारपीट गाली गलौज करने लगा। ग्रामीणों ने पट्टी पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस पूछताछ कर वापस लौट गई।ग्रामीणों ने जेसीबी संचालक व डंफर चालक व अन्य के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# एटीएल मैदान में मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शाम को घर से निकले युवक का शव मंगलवार की दोपहर देहात कोतवाली क्षेत्र के एटीएल ग्राउंड में मिला। सूचना पर पहुंचे परिजन हत्या का आरोप लगाने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रानीगंज थानाक्षेत्र के पंडित का पुरवा हरनाहर गांव निवासी उदय राज यादव सऊदी अरब में रहते है। उनका बेटा आकाश यादव (22) घर पर रहता था। वह सोमवार की शाम करीब चार बजे अकेले घर से निकला तो वापस नहीं लौटा। रात में परिजनों ने फोन किया तो घंटी बजती रही लेकिन बात नहीं हो सकी। परिजन संभावित स्थानों पर खोजबीन करने के बाद मंगलवार की सुबह रानीगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। कुछ ही देर बाद देहात कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर स्थित एटीएल मैदान में उसका शव पाया गया। सूचना पर एसओ पुष्पराज सिंह मौके पर पहुंचे। उसके जेब में उसका मोबाइल बंद मिला। पुलिस ने मोबाइल जार्च कर कुछ नंबरों पर बात की तो परिजन से बात हो गई। मौके पर पहुंचे परिजन हत्या का आरोप लगाने लगे। पुलिस आसपास इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। एसओ पुष्पराज सिंह ने बताया कि परिजन हत्या की आशंका जता रहे है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच की जा रही है।

# निर्माणाधीन ऑगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य इस माह तक पूर्ण कराने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**● जिलाधिकारी ने की जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई जिलाधिकारी ने गत बैठक में दिए गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ब्लॉक कड़ा के ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए और उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सी.डी.पी.ओ. से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रतिदिन ऑगनबाड़ी केन्द्र खुलें तथा सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की इमेज कैप्चरिंग कर पोषण ट्रैकर पर अपलोड का कार्य सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने सभी सी.डी.पी.ओ. को सैम एवं मैम बच्चों पर विशेष ध्यान देकर अभिभावकों को जागरूक कर बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा शत-प्रतिशत होम विजिट किया जाय। जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर पर गर्भवती महिलाओं की ए.एन.सी. चेक-अप एवं अनुश्रवण के कार्य में लापरवाही पाये जाने पर सी.डी.पी.ओ. कड़ा, सरसवां व सिराथू का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सभी योजनाओं/कार्यक्रमों की प्रतिदिन अनुश्रवण कर प्रगति सुनिश्चित करने एवं क्षेत्र भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में निमार्णाधीन ऑगनबाड़ी केन्द्रों की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला पंचायजराज अधिकारी से कहा कि सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य इस माह तक पूर्ण करा लिया जाय। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में निमार्णाधीन ऑगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को इस माह तक ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता के निधन के बाद न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**कौशांबी।** जनपद न्यायालय कौशांबी के वरिष्ठ विद्वान अधिवक्ता महंत राम त्रिपाठी की इलाज के दौरान मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही पूरे अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई है मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप कुमार पांडे की अध्यक्षता में 48 खंबा परिसर में अधिवक्ताओं की बैठक तुषार तिवारी महामंत्री ने आयोजित की बैठक में अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की और मृतक के परिजनों को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की ईश्वर से विनती की इसके बाद अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि वह अधिवक्ता साथी के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे जिससे न्याय कार्य बाधित होगा अधिवक्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश सहित संपूर्ण न्यायालय को पत्र भेज कर न्यायिक कार्य से विहत रहने की सूचना भेज दिया है।

## तोड़ी गई कुर्सी का हर्जाना मांगने पर आटो ड्राइवर ने ली बुजुर्ग की जान



**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** पिपरी थाना के तिल्हापुर मोड़ बाजार निवासी मनीराम ने पुरामुफ्ती से लौटते समय चार कुर्सी खरीदी और आटो पर रखवा दी तिल्हापुर मोड़ में उतारने को बोल कर बाइक से पत्नी के साथ घर आ गए आटो आने का इंतजार कर रहे मनीराम ने ड्राइवर को कुर्सी उतारने को कहा आटो ड्राइवर ने कुर्सी उतारी और जमीन पर गिरा दी जिसमे एक कुर्सी टूट गई मनीराम ड्राइवर से हजार्ना देने को लेकर बहस करने लगे इतने में ड्राइवर गाड़ी लेकर भगने लगा मनीराम आगे खड़े हो गए लेकिन ड्राइवर ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमे मनीराम उम्र 68 वर्ष की मौके पर मौत हो गई ड्राइवर को पिपरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

## महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज में दूसरे दिन भी प्राइज डिसटीब्यूशन का हुआ आयोजन



**हर्रायपुर कौशांबी।** मूरतगंज क्षेत्र के महेश्वरी प्रसाद इंटर मीडिएट कॉलेज आलमचंद्र में दूसरे दिन भी प्राइज डिसटीब्यूशन का आयोजन किया गया खेल कूद प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने पुरस्कार देकर उनका सम्मान बढ़ाया है एक दिसंबर से प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया जिसमें सीनियर बालिका वर्ग लंबी कूद में नीलू सिंह, प्रिया विश्वकर्मा, आंचल यादव, व सीनियर बालिका वर्ग ऊंची कूद में नीलू सिंह, तनु, सलोनी व जूनियर बालिका वर्ग लंबी कूद में सोनम, साक्षी, आरुषि व ऊंची कूद में काजल, आरुषि, सोनम वा सीनियर बालक वर्ग ऊंची कूद में सूरज कुमार, शिवा,पुष्पेंद्र व सीनियर बालक वर्ग लंबी कूद में प्रशांत कुमार ,सनील कुमार, राज, वा जूनियर बालक वर्ग लंबी कूद में समीर मनजीत प्रिंस कुमार वह ऊंची कूद में शैलेंद्र, सत्यम, सनील, व जूनियर कबड्डी बालिका वर्ग में अंशिका यादव, नंदनी यादव, निरेखा, कृति काजल, खुशबू, आरुषि व जूनियर कबड्डी बालक वर्ग में अनिरुद्ध कुमार,अंशु कुमार, अर्पित साहू अमित सागरबिन,सत्यम कुमार प्रजापति, अंकित कुमार, हर्षित साहू व सीनियर कबड्डी बालिका वर्ग शिवानी, जानवी, शिल्पा, साहिबा,अंजलि, साधना, रेनू व कबड्डी सीनियर बालक वर्ग आकाश यादव, नीरज पासवान, अनिकेत सिंह, रवि, राज, अस्मित, शिवभूषण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ कुछ सांत्वना पुरस्कार छात्र-छात्राओं को देकर उनका हौसला बढ़ाया गया है इस मौके पर अध्यापक बृजेश चन्द्र श्रीवास्तव, सुष्मिता तिवारी, शिवाकांत प्रताप सिंह,राजेंद्र कुमार यादव, गोपाल कृष्ण मिश्रा, नृपेन्द्र कुमार सिंह, प्रेमचन्द, उदय शंकर साहू, नूतन, विपिन कुमार, दिनेश सिंह, दिनेश कुमार, अशोक कुमार पाल, शारदा देवी, रश्मि त्रिपाठी, सुभाष चंद्र प्रजापति, धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय, नीरज कुमार, महेंद्र कुमार, कंचन मौर्य, राममूरत सिंह पाल, विपुल प्रताप सिंह, उर्वशी गुप्ता, दुर्गेश कुमार पटेल, सुधीर सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमार मौर्य, व मनोज कुमार लिपिक धर्मवीर परिचारक ज्योत्री सिंह आदि मौजूद रहे।

# कचहरी में अधिवक्ता सुरक्षा कानून के समर्थन में नारेबाजी करते भारी तादात मे जुटे वकील

अखंड भारत संदेश






**कौशाम्बी।** संसद के शुरू हुए शीतकालीन सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक को पारित कराए जाने की मुहिम को लेकर मंगलवार को कौशाम्बी में वकीलों ने जमकर गर्जना की। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की संयुक्त अगुवाई में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर वकीलों को काफी जोश में देखा गया। प्रदेशव्यापी अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा लखनऊ से उन्नाव, कानपुर होते हुए दोपहर बाद यहां कौशाम्बी पहुंची। यहां मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएसन के लाइब्रेरी हॉल में वकीलों ने विधेयक के समर्थन में आमसभा किया। वहीं लाइब्रेरी हॉल के बाहर सैकडो वकीलों ने अधिनियम को लागू किये जाने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी भी की। लाइब्रेरी हाल में हुई आमसभा को संबोधित करते हुए अधिवक्ताओं के बीच जागरूकता अभियान को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संसद का सत्र शुरू हो गया है। केन्द्र सरकार को इसी सत्र में अन्य विधेयको के साथ अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक भी पेश करना चाहिए। उन्होने कहा कि शीतकालीन सत्र में सरकार यदि विधेयक नही ले आयी तो अधिवक्ता इस मुददे को लेकर आंदोलन को तेज करेंगे। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर सरकार व प्रशासन का उदासीन रवैया बर्दास्त नही किया जाएगा। उन्होने कहा कि सुरक्षा विधेयक में एसोसिएसन के द्वारा निर्धारित मसौदे में युवा अधिवक्ताओ के लिए कल्याणकारी कई कदमों तथा बुजुर्ग अधिवक्ताओं की पेंशन का भी मसौदा शामिल किया गया है। आमसभा की अध्यक्षता बार एसोसिएसन के अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येन्द्र नाथ मिश्र ने किया। आमसभा में एसोसिएसन द्वारा अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में योगदान के लिए पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्र, अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, राकेश कुमार जायसवाल आदि को संघर्ष मान पत्र के जरिए सम्मानित भी किया गया। आमसभा का संयोजन पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल व पूर्व महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता गोपालजी शुक्ल, पप्पू मिश्र, रोशन अग्रहरि, नितीश त्रिपाठी, अमित सिंह, राहुल कुमार साहू, रूद्र विश्वकर्मा, स्नेह दत्त मौर्य, भूपेश शर्मा, निरंजन सिंह, हरिशंकर पाण्डेय, अक्षय विश्वकर्मा, रविदेव पाण्डेय, आशीष आदि अधिवक्ता रहे। आभार प्रदर्शन महामंत्री तुषार तिवारी ने किया।

# जल-जीवन मिशन के कार्यों में तेजी से लाएं प्रगति

अखंड भारत संदेश

**जिलाधिकारी ने की सिंचाई, जल निगम एवं नलकूप विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा, मानक के अनुरूप सिल्ट सफाई का कार्य समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश**




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने मंगलवार को एन.आई.सी. सभागार में सिंचाई, जल निगम एवं नलकूप विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान सहायक अभियंता, सिंचाई से नहरों की सिल्ट सफाई कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि मानक के अनुरूप सिल्ट सफाई का कार्य समय से सुनिश्चित कराई जाय।

सिल्ट सफाई का कार्य गम्भीरता से लिया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से सिल्ट सफाई कार्य का सत्यापन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता, सिंचाई एवं सहायक अभियंता, सिंचाई खण्ड फतेहपुर का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नलकूप विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, नलकूप को यान्त्रिक दोष के कारण खराब नलकूपों को एक सप्ताह के अन्दर एवं विद्युत के कारण खराब नलकूपों को आगामी 03 दिन के अन्दर ठीक कराकर क्रियाशील कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद में स्थित कोई भी नलकूप खराब होता है तो उसे तत्काल ठीक कराकर क्रियाशील कराया जाय, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए परेशान न होना पड़े।बैठक में अधिशासी अभियंता, नलकूप ने बताया कि 12 नलकूपों को ऊजार्कृत किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को सत्यापन कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जल-जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान कार्यों में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए फर्मों को ओवर हेड टैंक का निर्माण कार्य, कनेक्शन एवं पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों को मानक के अनुरूप ठीक कराने के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्हांने अधिशासी अभियंता, जल निगम से कहा कि ठीक प्रकार से कार्य न करने वाले/लापरवाह फर्मों के विरूद्ध जुमार्ना आदि कार्यवाही किया जाय। बैठक में अधिशासी अभियंता, जल निगम ने कहा कि जिन परियाजनाओं में 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है, उन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कराकर शीघ्र ही पेय जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जायेंगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अझुवा का डीएम ने किया निरीक्षण



**अझुवा कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने मंगलवार को नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,अझुवा का आकस्मिक निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने एच.आर.पी. रजिस्टर के अवलोकन पर गर्भवती महिलाओं का मोबाइल नम्बर सहित अन्य सूचनायें अंकित अपडेट न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए ए.एन.एम. को गर्भवती महिलाओं का मोबाइल नम्बर अवश्य अंकित करने के निर्देश दिए, ताकि समय-समय पर गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सलाह के साथ ही जॉच के लिए अस्पताल बुलाया जा सकें। इसके साथ ही उन्होंने ए.एन.एम. से कहा कि हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने ए.एन.सी. रजिस्टर अवलोकन करते हुए कहा कि सभी सूचनायें अंकित की जाय तथा गर्भवती महिलाओं की सभी ए.एन.सी. चेक-अप सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति ठीक न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं स्टॉप नर्स का रोस्टर बनाने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने प्रसव कक्ष के निरीक्षण के दौरान कहा कि निर्धारित समयावधि तक प्रसूता महिला को अस्पताल में रोका जाय। उन्होंने 102-एम्बुलेन्स की जॉच के दौरान ई.एम.टी. अवधेश सिंह से कहा कि एम्बुलेन्स में निर्धारित सभी आवश्यक इमर्जेन्सी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाय। उन्होंने पैथोलॉजी कक्ष के निरीक्षण के दौरान लैब टेक्नीशियन से उपलब्ध जॉच की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जॉच के लिए आवश्यक किट की उपलब्धता सुनिश्चित बनाएं रखी जाय।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### आधी रात को सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत



**कड़ा कौशांबी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गढ़ी गांव के पास देर रात 2 बजे सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया गश्त पर निकली कड़ाधाम पुलिस को सड़क किनारे एक युवक घायल अवस्था में पड़ा मिला।पुलिस ने अपने वाहन से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस्माइलपुर पहुंचाया। हालांकि, जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया।मृतक की पहचान सैनी थाना क्षेत्र के लुकिया गांव निवासी 27 वर्षीय महेश यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, महेश अपनी बहन की ननद की शादी में शामिल होने गिरधरपुर गढ़ी गांव गया था।रात को वापस लौटते समय किसी वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया।पुलिस ने महेश के मोबाइल फोन से उसके परिजनों को सूचना दी और अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अब हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से घटना में शामिल वाहन की तलाश कर रही है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के हिसाम पुर माढो के एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। घटनाक्रम के मुताबिक विनय कुमार पुत्र पप्पू बीते रविवार को खागा किसी अस्पताल में डॉक्टरी सीखने जा रहा था ज्योंहि युवक बाइक से बुदवन मोड पहुंचा अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे युवक बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया था सूचना पर पहुंचे परिजनों ने युवक को फतेहपुर में भर्ती कराया था जहां गंभीर स्थिति होने पर 1 दिसंबर सोमवार को प्रयागराज के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बीती रात युवक की मौत हो गई रोते बिलखते परिजनों ने युवक का अंतिम संस्कार कर दिया है।

### सड़क हादसे में पत्रकार सहित कई लोग घायल

**कौशांबी।** पत्रकार की बाइक को टक्कर मारने के बाद टेंपो पलट गया है जिससे पत्रकार और टेंपो में बैठे लोग घायल हो गए हैं बताया जाता है कि टेम्पो चालक ने पत्रकार की बाइक को जोरदार टक्कर मारी है जिससे पत्रकार हिमांशु उपाध्याय की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है कई जगह उन्हें चोट लगी है टेंपो में सवार अन्य लोगों को भी चोट आई है बाइक में टक्कर मारने के बाद बीच रोड में टेम्पो पलट गया है।

### पत्रकार की माता का निधन

**कौशांबी।** सैनी निवासी अश्विनी साहू पत्रकार की माता का निधन हो गया है निधन की दुखद सूचना पर पत्रकारों ने दुख व्यक्त किया है पत्रकारों ने कहा कि निधन की जानकारी मिलने से मन बहुत द्रवित हुआ उनका अंतिम संस्कार दोपहर बाद हनुमान घाट कड़ा पर सैकड़ो लोगों के बीच हुआ है।

### घर के बाहर खड़ा ई रिक्शा उठा ले गए चोर

**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव निवासी सुफियान अली पुत्र मोहम्मद बकरीदी के घर के बाहर उनका ई-रिक्शा नंबर यूपी 73 टी 3874 खड़ा था ई रिक्शा चला करके वह परिवार की रोजी रोटी चलाते थे बीती रात उनके घर के बाहर से ई रिक्शा को चोर उठा ले गए हैं काफी खोजबीन करने के बाद उनके ई रिक्शा का पता नहीं चला है जिससे परिवार के लोग परेशान हो गए हैं सुफियान अली ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है पुलिस ई रिक्शा को खोजने में लगी है।

## शंभूनाथ हॉस्पिटल के डाक्टरों ने सेंट सारंग कान्वेंट स्कूल में लगाया निशुल्क चिकित्सा कैंप



**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के सैयद सरावा स्थित सेंट सारंग कान्वेंट स्कूल में दो दिवसीय स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन शंभूनाथ हॉस्पिटल प्रयागराज की ओर से किया गया, जिसमें 800 सौ छात्र छात्राओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण डाक्टरों द्वारा किया गया।शिविर का शुभारंभ जामिया अरफिया सैय्यद सरावां के संस्थापक शेख अबू सईद ने किया डाक्टरों और पैरामेडिकल की टीम ने बच्चों का स्वास्थ परीक्षण किया और दवाएं उपलब्ध कराई। डाक्टर टीम में डॉ सचिंद्र, डॉ शशि, डॉ मोना, डॉ नूर नैनवी, डॉ सैय्यद सईद अहमद और पैरामेडिकल स्टाफ में दीपक सहित तमाम स्टॉफ मौजूद रहे स्कूल संस्थापक शेख अबू सईद और प्रधानाचार्य ने डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया संस्था के मैनेजर शाजिद सईदी ने स्वास्थ्य सेवा बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ सैय्यद सईद अहमद ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लक्ष्य वंचित आबादी तक स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराना है।

## गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम में 06 लोग जिला बदर

**कौशांबी।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अमित पाल ने गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम-1970 के अन्तर्गत कुल 06 लोगों को जिला बदर करने का आदेश दिया है। जिला बदर होने वालों में-साहिल पुत्र शकील निवासी ग्राम-सालेपुर थाना-करारी को 03 माह के लिए, तौसीफ उर्फ शाहिद पुत्र तौफीक निवासी ग्राम-पारा हसनपुर थाना-करारी को 02 माह के लिए, डी.के. सरोज पुत्र स्व. हुबलाल सरोज निवासी ग्राम-बरई बंधवा थाना-करारी को 06 माह के लिए, निसान्त मौर्या पुत्र गुलाब मौर्या निवासी ग्राम-जवई पड़री थाना-मोहब्बत पुर पइंसा को 03 माह के लिए, सूरजदीन सरोज पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम अफजलपुरवारी थाना-मोहब्बत पुर पइंसा को 02 माह के लिए एवं अखिलेश पाण्डेय पुत्र देव मुनि पाण्डेय ग्राम-रमसहाईपुर थाना-मोहब्बत पुर पइंसा को 03 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

## संदिग्ध दशा में फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

**कड़ा कौशांबी।** सैनी थाना क्षेत्र के थुलगुला गांव के मजरा काजीपुर में रविवार सुबह लगभग 11 बजे उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान संगीता देवी (30) पत्नी अनिल कुमार के रूप में हुई है। मृतक संगीता देवी ने सुबह लगभग 11 बजे घर के अंदर पड़ी टीन के बांस में कपड़े का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना के समय उसका पति मजदूरी पर बाहर गया हुआ था। घर के बगल के पड़ोसी जैसे ही उसके घर गए देखा महिला की लाश फंदे पर लटकी हुई है तो हड़कंप मच गया । सूचना पर पहुंची सैनी पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर लिखा पढ़ी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है । मृतक महिला के दो छोटे बच्चे हैं। एक साल की बच्ची और चार साल का बेटा है मां की मौत के बाद बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका है।मामले में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि घटना को लेकर अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। मृतका के भाई की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अझुवा हाइवे का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग,टांडा मोड़ का स्थलीय निरीक्षण कर जिलाधिकारी कौशाम्बी डॉ अमित पाल शर्मा ने जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग टांडा मोड़ पर एनएचआई द्वारा बंद किए गए कट को लेकर नगर पंचायत अझुवा के व्यापारियों ने प्रशासनिक शिकायत किया था जिसके मद्देनजर जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया इस दौरान नगर पंचायत के लोगों ने टांडा मार्ग के बंद कट खोलने की बात रखी ।सर्किल ऑफिसर सिराथू सत्येंद्र तिवारी ने कहा अगस्त माह में एक स्कूली विद्यार्थी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी तत्कालीन डीएम के निर्देश पर एनएचआई ने अझुवा हाइवे के सभी कट बंद कर दिए , 4 माह कट बंद रहे इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ किसी की दुर्घटना में मौत नहीं हुई। नवरात्रि और अझुवा के दशहरा के कारण भोला चौराहा सहित 2 कट खोले गए जिससे 3 व्यक्तियों की दर्दनाक मौत हो गई।वहीं मौके पर रहे तमाम लोगों ने कहा 1 मौत देशी शराब ठेका के पास 13 नवंबर को हुई थी दूसरी मौत प्रेमलाल 7 नवंबर को अंग्रेजी ठेका के पास हाइवे में हुई थी तीसरी मौत भोला चौराहे पर 22 नवंबर को हुई थी मौके पर रहे लोगों के अनुसार ये मौतें शराब के नशे के कारण हुई थीं,जय मां दुर्गे इंटर कालेज के प्रिंसिपल सुनील कुमार साहू ने कहा टांडा मार्ग बंद होने से इस मार्ग पर स्थित कॉलेजों के हजारों की संख्या में छात्र छात्राओं को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है ,टांडा मार्ग के व्यापारियों ने पक्षपात का आरोप लगाया कि बाजार के कट खोल दिए गए टांडा मार्ग का कट नहीं खुलवाया जा रहा है। जाते जाते जिलाधिकारी ने कहा समस्या पर एनएचआई के अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्या का निस्तारण कराया जाएगा इस मौके पर एडीएम न्यायायिक प्रबुद्ध सिंह, सिराथू एसडीएम योगेश गौड़ सिराथू सर्किल ऑफिसर सत्येंद्र तिवारी, चेयर मैन शांति देवी कुशवाहा,ओमप्रकाश कुशवाहा, मिथलेश केसरवानी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर दिनेश कुमार परिहार ,सैनी कोतवाल धर्मेंद्र सिंह के साथ एनएचआई टीम सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## सम्पादकीय

### शीतकालीन सत्र में बढ़ेगा सियासी तापमान

**संसद** का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो 19 दिसंबर तक चलेगा। सत्र शुरू होने से पहले रविवार को परंपरानुसार सर्वदलीय बैठक हुई, जिसके बाद सरकार की तरफ से दावा किया गया कि सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए विपक्ष के साथ तालमेल बिठाया जाएगा। वहीं विपक्ष से उम्मीद जताई गई कि वह अपने सवालों को अध्यक्ष के जरिए सदन में उठाए और लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए संसद की मयार्दा बनाए रखे। सत्र को अकारण बाधित न करे। जिन लोकतांत्रिक मूल्यों और मयार्दा की उम्मीद सरकार विपक्ष से कर रही है, असल में वही अब भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनने वाले हैं। क्योंकि विपक्ष ने पहले ही ऐलान कर दिया है कि लोकतंत्र में मतदान के अधिकार को बचाने के लिए एसआईआर के खिलाफ बड़ी लड़ाई छेड़ी जाएगी और संसद में इस मुद्दे को पूरे दमखम के साथ उठाया जाएगा। वहीं लालकिले के पास आतंकी हमला, दिल्ली का प्रदूषण, प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में तैयारी की कमी, आर्थिक सुरक्षा और कमजोर पड़ती विदेश नीति जैसे अहम मुद्दों पर भी विपक्ष सरकार से जवाब मांगेगा। लोकसभा में उपनेता प्रतिपक्ष गौरव गोगोई ने इस तरफ भी ध्यान दिलाया कि यह शायद अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र होगा, जिसमें केवल 15 कामकाजी दिन ही होंगे। श्री गोगोई ने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार खुद संसद को डिरेल करना चाहती है। वहीं राजद सांसद मनोज झा ने एक गंभीर बात कही है कि सरकार की तरफ ज्यादातर राजनीतिक चचार्एं आभासी होती हैं, जबकि जनता के बुनियादी मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है। मुझे उम्मीद है कि सरकार चुनावों से आगे भी सोचेगी। भारत की जीडीपी वृद्धि से लेकर एसआईआर विषय तक, इन पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए; वरना संसद सिर्फ एक संग्रहालय जैसी संरचना बनकर रह जाएगी। दरअसल पिछले सत्रों को देखें तो मनोज झा की बात ही सच भी दिखती है कि सरकार की दिलचस्पी संसद चलाने से अधिक समय बिताने की है। अगर सत्र चलेंगे तो विपक्षी सांसद सवाल पूछेंगे, जिनके जवाब ऑन रिकॉर्ड देना सरकार की मजबूरी हो जाएगी। इसलिए सत्र सरकार की तरफ से ही कई बार बाधित किया जाता है। पिछले मानसून सत्र में यही हुआ। एसआईआर पर सरकार ने चर्चा नहीं होने दी और विपक्ष इसकी मांग करता रह गया। नतीजा यह हुआ कि 120 घंटों की जगह केवल 35 घंटे काम हुआ। इस बार भी ऐसा ही होने की आशंका बलवती है। क्योंकि बिहार चुनाव में धांधली के आरोप अब भी बरकरार हैं और इसके बाद प.बंगाल, उत्तरप्रदेश समेत 12 राज्यों में जो एसआईआर चल रही है, उसमें बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की मौतें गंभीर मुद्दा बन चुका है। तृणमूल कांग्रेस की शुक्रवार को ही चुनाव आयोग के साथ दो घंटे बैठक हुई, जिसमें टीएमसी सांसदों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के मुंह पर ही कह दिया कि चुनाव आयोग के हाथों में खून लगा है। हालांकि आश्चर्य की बात ये है कि ज्ञानेश गुप्ता ने इस बात से अनभिज्ञता जाहिर की कि कई बीएलओ एसआईआर के दबाव में अकाल मौत का शिकार हो चुके हैं।

# सत्र छोटा करके इस सबसे बड़ी संवैधानिक संस्था को भी खत्म करने की तैयारी

**शकील अख्तर**

**संसद** ही एक ऐसी जगह होती है जहां केवल विपक्ष ही नहीं सत्ता पक्ष के लोग भी सरकार से सवाल पूछते हैं। प्रश्नकाल में अच्छे- अच्छे मंत्री भी कई बार लाजवाब हो जाते थे। सदस्य तैयारी के साथ आते थे। अपने क्षेत्र के बारे में पूछे गए सवालों के साथ तथ्यात्मक सप्लीमेंट्री सवाल लाते थे। मगर अब प्रश्नकाल चलता ही नहीं। संसद का सत्र अभी कुछ साल पहले तक मीडिया के लिए सबसे बड़ी खबर हुआ करता था। मगर अब प्रधानमंत्री सदन में आते नहीं। प्रधानमंत्री सदन के नेता कहलाते हैं। जिस सदन से होते हैं। नरेन्द्र मोदी लोकसभा में नेता सदन हैं। मगर वे संसद में होते हुए भी सदन में नहीं आते। ऐसा पहले कभी नहीं होता था। मनमोहन सिंह से लेकर वाजपेयी और सभी प्रधानमंत्री पूरे संसद सत्र के दौरान दोनों सदनों में रहते थे। अपने मंत्रालय से संबंधित सवालों के जवाब देते थे। और विपक्ष द्वारा उठाए गए अन्य सवालों पर भी बोलते थे। संसद सत्र खबरों से भरपूर हुआ करता था।

मगर अब संसद की प्रेस गैलरी भी खाली पड़ी रहती है। प्रधानमंत्री नहीं होते, सरकार किसी विषय पर चर्चा को तैयार नहीं होती, पीठासीन अधिकारी सत्र चलाने के बदले उसे जल्दी से स्थगित करने का तरीका अपनाते हैं, नतीजा शुरू होने के कुछ ही देर बाद सदन स्थगित। और सदन के कम समय चलने के बाद अब स्थिति ऐसी आ गई है कि सरकार सत्र भी कम अवधि का बुलाने लगी है। सोमवार से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। मगर सिर्फ तीन हफ्ते का। एक दिसम्बर से शुरू होगा और 19 दिसम्बर को खत्म। विपक्ष ने इस पर सवाल उठाया है कि सरकार जवाबदेही से बचने के लिए संसद का सत्र छोटा कर रही है।

संसद ही एक ऐसी जगह होती है जहां केवल विपक्ष ही नहीं सत्ता पक्ष के लोग भी सरकार से सवाल पूछते हैं। प्रश्नकाल में अच्छे- अच्छे मंत्री भी कई बार लाजवाब हो जाते थे। सदस्य तैयारी के साथ आते थे। अपने क्षेत्र के बारे में पूछे गए सवालों के साथ तथ्यात्मक सप्लीमेंट्री सवाल लाते थे। मगर अब प्रश्नकाल चलता ही नहीं। संसद कवर करने वाले पत्रकारों के लिए प्रश्नकाल सबसे ज्यादा खबरों वाला और जीवंत एक घंटा हुआ करता था। हर पत्रकार उस समय वहां रहने की कोशिश करता था। उसके बाद जीरो आवर ( शून्य काल) का एक घंटा। जहां सदस्य बिना पूर्व नोटिस के लोकहित का कोई मुद्दा उठा सकता था। दोनों सदनों की प्रेस गैलरी इन दो घंटों में पूरी भरी रहती थी। मगर अब खाली ही नहीं कई बार बिना एक भी पत्रकार के भी होती है। संसद का यह रूप बहुत ही दुखद और चिंताजनक है। संसद ही एकमात्र ऐसा स्थान है जहां सरकार को जवाब देना ही पड़ता है। मगर अब कम अवधि के संसद सत्र बुलाकर सरकार यहां भी जवाबदेही से बच रही है। संसदीय लोकतंत्र में आदर्श स्थित यह मानी जाती है कि साल में कम से कम सौ दिन संसद चले। मगर अब तो इसके आधे दिन भी नहीं चलती। और यह केवल संसद के लिए नहीं है सभी विधानमंडलों के लिए है। मगर विधानसभाओं की हालत तो और बुरी है। वहां तो हफ्तों के नहीं दिनों के सत्र होने लगे हैं। अगर संविधान में बजट संसद और विधानमंडलों से पास करवाने की मजबूरी नहीं होती तो शायद सरकारें सत्र बुलाती ही नहीं।संसद और विधानमंडल ही ऐसी जगह हैं जहां सरकारों को कानूनन परंपराओं के हिसाब से जवाब देना ही होता है। मगर अब सदन स्थगित कर दो। सत्र चलने ही न दो। यह एक नया चलन शुरू हुआ है जहां सत्ता पक्ष ही सदन नहीं



चलने देता। पहले विपक्ष यह काम करता था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष सुषमा स्वराज और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष अरुण जेटली ने यूपीए के शासन काल के समय यह कहा था कि सदन नहीं चलने देना भी विपक्ष का अधिकार है। एक लोकतांत्रिक तरीका है। मगर अब उन्हीं की पार्टी सत्ता में आ गई है तो सत्ता में रहते हुए सदन नहीं चलने देती। निश्चित रूप से ही इसका एक कारण लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का प्रभावी परफार्मेंस है। राहुल पहले भी बोलते थे। अच्छा बोलते थे। मगर पिछले साल जून से जब से राहुल नेता प्रतिपक्ष बने हैं उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की नाक में दम कर रखा है। यहां तक बोल दिया कि अगली बार जब में बोलूंगा तो प्रधानमंत्री मेरे सामने बैठेंगे नहीं। राहुल जनता के सारे सवाल उठा रहे हैं। और प्रधानमंत्री वैसे तो आते नहीं मगर जब कभी आकर बैठ जाते हैं तो नेता प्रतिपक्ष के किसी सवाल का जवाब उनके पास नहीं होता है। प्रधानमंत्री तो पत्रकारों के सवाल के जवाब देना तो दूर उनके सवाल ही नहीं लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी प्रेस कान्फ्रेंस तो करते नहीं। सब प्रधानमंत्री करते थे। जिन्हें मौन कह कहकर मोदी ने सरकार बना ली वे मनमोहन सिंह भी करते थे। और हर सवाल का जवाब देते थे। मगर मोदी ने 11 साल में एक भी प्रेस कान्फ्रेंस नहीं की। जवाब देने का सवाल ही नहीं। यह मौका आता है जब वे पत्रकारों के सामने होते हैं। परंपरा है कि सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री पत्रकारों से बात करते हैं। मोदी सामने तो आते हैं मगर अपनी बात कहकर निकल जाते हैं। 11 साल में हर बार ऐसा ही किया। साल में तीन सत्र होते हैं। बजट सत्र,मानसून सत्र और यह शीतकालीन सत्र। इनके पहले दिन सुबह दस बजे प्रधानमंत्री संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते थे। आम तौर पर संसद में क्या रहने वाला है, सरकार कौन से मुख्य विधेयक लेकर आने वाली है आदि पर। या देश के या अन्तरराष्ट्रीय किसी बड़े तात्कालिक मुद्दे पर भी। प्रधानमंत्री पहले अपनी बात कहने के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते थे। मगर मोदी सिर्फ अपनी बात कहकर चल देते हैं। और अपनी बात में भी विपक्ष पर आरोप। एक दिसबंर सोमवार को भी देखना होगा कि प्रधानमंत्री क्या कहते हैं। विपक्ष पर क्या क्या आरोप लगाते हैं, क्या सलाहें देते हैं। पत्रकार कैमरे हमेशा की तरह होंगे मगर बस अब वह उम्मीद किसी को नहीं बची है जो पहले थोड़ी हुआ भी करती थी कि शायद इस बार प्रधानमंत्री किसी एकाध सवाल का जवाब दे दें। अब कोई सवाल पूछता ही नहीं है। उनका इकतरफा संवाद सुनकर चला आता है। प्रधानमंत्री इस तरह गैर जवाबदेह हो सकते हैं मोदी के आने से पहले किसने सोचा था? लोकतंत्र के लिए यह कितना बड़ा खतरा है अब तो इस पर भी बात नहीं हो रही है। वह कहते हैं ना ज्यादा बड़ी तकलीफ हो जाती है तो उससे कम वाली याद नहीं आती। तो अब सबसे बड़ी समस्या यही खड़ी कर दी है कि लोकतंत्र का जो मूल आधार है वोट वह भी जनता के पास रहेगा या नहीं। एसआईआर की प्रक्रिया ने जनता के वोट के अधिकार पर ही सवाल लगा दिया है। खुद जनता से कहा जा रहा है कि वह यह साबित करे कि वह वोटर है कि नहीं। ऐसा कभी नहीं हुआ। बिना वोटर के लोकतंत्र या कहें अपने मनचाहे वोटरों के साथ लोकतंत्र इस समय का सबसे बड़ा सवाल है। संसद में विपक्ष यह उठाने की तैयारी कर रहा है। बीएलओ पर काम का अत्यधिक दबाव और उनकी लगातार हो रही मौतें, एसआईआर की अवधि चार दिसंबर से आगे बढ़ाने की मांग, चुनाव आयोग की पक्षपातपूर्ण भूमिका, वोट चोरी यह सारे सवाल संसद में उठेंगे। मगर जवाब कितने का आएगा यह कहना मुश्किल है।

# भारत के बढ़ते विदेशी कर्ज के पीछे बढ़ता व्यापार घाटा

**नन्तू बनर्जी**

**रुपये** की लगातार गिरावट ने एक गलत चक्र बना दिया है, जिससे रुपये के हिसाब से आयात महंगा हो गया है और घरेलू करेंसी का एक्सचेंज मूल्य कम होने से विदेशी कर्ज चुकाना और भी महंगा हो गया है। रुपये में विदेशी कर्ज चुकाना और भुगतान करना और भी महंगा साबित होता है। इससे सरकार और विदेशी लोन वाली भारतीय बिजनेस कंपनियों के वित्त पर दबाव पड़ता है।

सरकार भले ही इससे सहमत न हो, लेकिन भारत का लगातार व्यापार घाटा देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर रहा है, जबकि विकास दर शानदार है। पिछले महीने, आयात पर ज्यादा ध्यान देने वाले भारत का व्यापार घाटा 41अरबडालरके रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, क्योंकि निर्यात में एक साल में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। बदकिस्मती से, अक्टूबर के दौरान देश में सोने के आयात में भारी उछाल आया, जो बड़े व्यापार घाटा का एक कारण है।यह स्थिति तब है जब 2024 ग्लोबल मल्टीडायमेंशनलपॉवर्टी इंडेक्स (एमपीआई) के अनुसार,भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा (23.4 करोड़)लोग अत्यंत गरीबी में जी रहे हैं।

लगातार व्यापार घाटा देश को और ज्यादा बाहरी उधार लेने के लिए मजबूर कर रहा है, जिससे भारतीय रुपये का मूल्य कम हो रहा है। दिसंबर 2024 के आखिर में देश का बाहरी कर्ज लगभग $718अरब हो गया था, जो दिसंबर 2023 से $69.2अरब ज्यादा था, जिससे बाहरी कर्ज और जीडीपी का अनुपात 19.1प्रतिशत हो गया। इस साल जून के आखिर तक, बाहरी कर्ज बढ़कर $747.2अरब हो गया था।

सवाल यह है कि देश सोना, चांदी, कीमती मेटल, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट, एयर-कंडीशनर, हेडफोन, जूते, प्लास्टिक से बने सामान, फर्नीचर और घर की सजावट जैसे प्रोडक्ट, और सेब, बादाम और काजू जैसे खाने के प्रोडक्ट के आयात को बहुत कम क्यों नहीं कर रहा है? असल में, देश में गैर-जरूरी सामान के आयात में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, जो अमीर और उच्च मध्यम वर्ग की उपभोक्ता मांग और उद्योगों की वजह से हो रही है, जो बढ़ते व्यापार घाटे में योगदान दे रहे हैं।

हालांकि माना जा रहा है कि सरकार हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक्स और कुछ कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समेत इनमें से कुछ आयातों पर नजर रख रही है, लेकिन ज्यादा आयात शुल्क, क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर लागू करने और लैपटॉप और फोन जैसे कुछ सामान पर



रोक लगाने जैसे उपायों के जरिए उनके आयात में वृद्धि को रोकने के लिए उठाए गए कदम, काफी नहीं हैं। रूस से डिस्काउंट रेट पर तेल के आयात से होने वाली भारी विदेशी मुद्रा की बचत का उपयोग गैर-जरूरी सामानों के बढ़ते आयात में करने के कारण कुल व्यापारिक घाटे पर बहुत कम असर पड़ा।

हैरानी की बात है कि मुंबई के ज्वेलरी बाजार में मौजूद इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की खुशी के लिए, आयात शुल्क में हाल ही में की गई चुनिंदा बढ़ोतरी से सोने को बाहर रखा गया है। यह एसोसिएशन पूरे देश में काम करता है और देश में रोजाना सोने के रेट तय करने में अहम भूमिका निभाता है। भारत के पुराने और मौजूदा बुलियन ट्रेड का एक बड़ा हिस्सा गुजराती समुदाय और अहमदाबाद में गुजरात बुलियन रिफाइनरी जैसी बड़ी संस्थाओं से मजबूत संबंध रखता है। भारत के सोने के आयात का स्विस कनेक्शन मजबूत है। भारत को सोने का एक बड़ा आपूर्तिकर्ता है स्विट्जरलैंड,जो भारत के कुल सोने के आयात का एक बड़े हिस्से की आपूर्ति करता है। हाल ही में मंजूर हुए इंडिया-यूएफटीए(यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन) ट्रेड और इकानॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट से भारत और स्विट्जरलैंड के बीच व्यापार और निवेश को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मजे की बात यह है कि स्विट्जरलैंड को भारत का निर्यात हमेशा बहुत कम रहा है। 2024-25 में, स्विट्जरलैंड को भारत का कुल निर्यात सिर्फ $1.51अरब के आसपास था, जबकि आयात $22.4अरब था, जिससे भारत को काफी व्यापार घाटा हुआ। स्विट्जरलैंड से भारत के ज्यादातर आयात में सोना होता है। 2020-21 और 2024-25 के बीच स्विट्जरलैंड के साथ कुल व्यापार 4.62प्रतिशत की सालाना कंपाउंड रेट से बढ़ा। भारत का लगातार बड़ा व्यापार घाटा और काफी बढ़ता बाहरी कर्ज रुपये के मूल्य पर काफी नीचे की ओर दबाव डाल रहा है क्योंकि अमेरिकी डॉलर जैसी विदेशी करेंसी की मांग लगातार बढ़ रही है ताकि ज्यादा से ज्यादा आयात और कर्ज चुकाने के लिए भुगतान किया जा सके। पहले से, देश कच्चे तेल, सोने और इलेक्ट्रॉनिक्स के आयात पर बहुत ज्यादा निर्भर रहा है। बड़े व्यापार घाटा से भुगतान संतुलन पर असर पड़ रहा है। लगातार व्यापार घाटा से करेंट अकाउंट डेफिसिट बढ़ता है, जिसे विदेशी निवेशक अक्सर आर्थिक अस्थिरता का संकेत मानते हैं, जिससे घरेलू करेंसी पर और दबाव पड़ता है। इससे पता चलता है कि भारत के बड़े और बढ़ते बाजार और शानदार आर्थिक विकास के बावजूद विदेशी निवेशक भारत में निवेश करने के लिए ज्यादा उत्साह क्यों नहीं दिखा रहे हैं। रुपया लगातार दबाव में रहा है। 2014 में, जब एनडीए सरकार सत्ता में आई थी, तो रुपया-अमेरिकी डालर एक्सचेंज रेट थाः 1डालर के लिए 60.95 रुपया। पिछले शुक्रवार को, यह प्रति अमेरिकी डालर के लिए 90रुपये को पार कर गया। महीना अभी खत्म नहीं हुआ है। 2025 में रुपया काफी कमजोर हुआ, खराब आर्थिक फंडामेंटल्स (जो मजबूत बने हुए हैं) की वजह से नहीं, बल्कि मुख्य रूप से पूंजी के आवक में तेज गिरावट की वजह से, जिसमें कमजोर एफडीआई और $16 अरब का एफपीआई निकास शामिल है।

रुपये की लगातार गिरावट ने एक गलत चक्र बना दिया है, जिससे रुपये के हिसाब से आयात महंगा हो गया है और घरेलू करेंसी का एक्सचेंज मूल्य कम होने से विदेशी कर्ज चुकाना और भी महंगा हो गया है। रुपये में विदेशी कर्ज चुकाना और भुगतान करना और भी महंगा साबित होता है। इससे सरकार और विदेशी लोन वाली भारतीय बिजनेस कंपनियों के वित्त पर दबाव पड़ता है। एक्सचेंज रेट में उतार-चढ़ाव का सीधा असर कर्ज चुकाने की लागत पर पड़ता है।

अचानक या तेज अवमूल्यन से कर्ज का बोझ अचानक और काफी बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति से निवेशकों के भरोसे पर बुरा असर पड़ना तय है। विदेशी कर्ज का बढ़ता लेवल, खासकर अल्पावधि कर्ज, वैश्विक आर्थिक झटकों या कर्ज संकट के प्रति संभावित कमजोरी का संकेत दे सकता है। यह फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स (एफपीआई) और फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टर्स (एफडीआई) को रोक सकता है। असल में, इस स्थिति से पूंजी का निकास हो रहा है, जिससे रुपया और कमजोर हो रहा है।

अब समय आ गया है कि सरकार देश के गैर-जरूरी चीजों के आयात को अपनी निर्यात कमाई से जोड़ने के लिए मजबूत रुख अपनाए। भारत को अपनी एक्सपोर्ट मैन्युफैक्चरिंग और ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस को बेहतर बनाने के लिए समय के साथ एक मजबूत पॉलिसी बूस्ट देना होगा। दुनिया के बाजार के रूझान के हिसाब से भारत के निर्यात के चरित्र में भी बदलाव की जरूरत है। भारत कई सालों से लगातार व्यापार घाटे का सामना कर रहा है, जिसकी मुख्य वजह ऊर्जा (खासकर कच्चा तेल), सोना और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए आयात पर इसकी निर्भरता है।

देश चीन से तेल आयात नहीं करता है। फिर भी, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्रियल इनपुट के ज्यादा आयात की वजह से, भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा बहुत बड़ा और बढ़ता जा रहा है, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड $99 अरब तक पहुंच गया। चीन भारत से आयात को बढ़ावा नहीं देता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का तेल आयात उसके कुल मर्केंडाइज इंपोर्ट का सिर्फ 29.24 प्रतिशत था। यह दुख की बात है कि बढ़ते व्यापार घाटे के बोझ और देश के विदेशी उधार और देश में आने वाले विदेशी निवेश पर इसके असर के बावजूद सरकार गैर-जरूरी सामानों के आयात को नियंत्रित करने में नाकाम रही है।

## दिव्यांग लोगों के बारे में बढ़ानी होगी जागरूकता

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**समाज** में दिव्यांगता को एक सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है। जिसे सुधारने की आवश्यकता है। विश्व विकलांग दिवस पर इस वर्ष का विषय है सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए विकलांगता समावेशी समाजों को बढ़ावा देना। विकलांग व्यक्तियों को अपने भाग्य को आकार देने और समाज में योगदान देने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के महत्व को रेखांकित करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1992 में हर वर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की गयी।

सरकार द्वारा देश में दिव्यांगो के लिए कई नीतियां बनायी गयी है। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगो के लिए सरकार ने पेशन की योजना भी चला रखी है। लेकिन ये सभी सरकारी योजनाएं उन दिव्यांगो के लिए महज एक मजाक बनकर रह गयी हैं। जब इनके पास इन सुविधाओं को हासिल करने के लिए दिव्यांगता का प्रमाणपत्र ही नहीं है। इसको मानाने का उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। मगर आज भी लोगों को तो इस बात का भी पता ही नहीं होता है कि हमारे आस-पास कितने दिव्यांग रहतें हैं। उन्हे समाज में बराबरी का अधिकार मिल रहा है कि नहीं। किसी को इस बात की कोई फिकर नहीं हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक ह्यदिव्य क्षमताह्न है और उनके लिए ह्यविकलांगह्न शब्द की जगह दिव्यांगशब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विकलांगो को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे उनका तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्तियों में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हे हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के लोगों ने विकलांगो को दिव्यांग तो कहना शुरू कर दिया लेकिन लोगों का उनके प्रति नजरिया आज भी नहीं बदल पाया है। आज भी समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगों को दयनीय दृष्टि से ही देखा जाता है। भले ही देश में अनेको दिव्यांगों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हो मगर लोगों का उनके प्रति वहीं पुराना नजरिया बरकरार है। दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण मिलेंगे जो बताते है कि सही राह मिल जाये तो अभाव एक विशेषता बनकर सबको चमत्कृत कर देती है। भारत में दिव्यांगो की मदद के लिए बहुत सी सरकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। लेकिन इतने वर्षो बाद भी देश में आज तक आधे दिव्यांगो को ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र मुहैया कराया जा सका है। ऐसे में दिव्यांगो के लिए सरकारी सुविधाएं हासिल करना महज मजाक बनकर रह गया हैं।

दुनिया में बहुत से ऐसे दिव्यांग हुए हैं जिन्होंने अपने साहस संकल्प और उत्साह से विश्व के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अपना नाम लिखवाया है। शक्तिशाली शासक तैमूर लंग हाथ और पैर से शक्तिहीन था। मेवाड़ के राणा सांगा तो बचपन में ही एक आंख गवाने तथा युद्ध में एक हाथ एक पैर तथा 80 घावों के बावजूद कई युद्धों में विजेता रहे थे। सिख राज्य की स्थापना करने वाले महाराजा रणजीत सिंह की एक आंख बचपन से ही खराब थी। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुधा चंद्रन के दाई टांग नहीं थी। फिल्मी गीतकार कृष्ण चंद्र डे तथा संगीतकार रविंद्र जैन देख नहीं सकते थे। पूर्व क्रिकेटर अंजन भट्टाचार्य मूकबधिर थे। वर्ल्ड पैरा चैम्पियनशिप खेलों में झुंझुनू जिले के दिव्यांग खिलाड़ी संदीप कुमार व जयपुर के सुन्दर गुर्जर ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर भारत का मान बढ़ाया है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के पांचवें दौर का पहला चरण 2019-20 में आयोजित किया गया था। एनएफएचएस जनसंख्या, परिवार नियोजन, बाल और मातृ स्वास्थ्य, पोषण, वयस्क स्वास्थ्य और घरेलू हिंसा से संबंधित प्रमुख संकेतकों पर अनुमान प्रदान करता है। एनएफएचएस-5 सर्वेक्षण से एकत्र किए गए द्वितीयक डेटा के भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद प्रकाशन के विश्लेषण के अनुसार भारत में विकलांग लोगों की कुल व्यापकता जनसंख्या का 4.52 प्रतिशत है। भारत विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन का एक पक्ष है। यह डेटा दशार्ता है कि भारत में लगभग 6 करोड़ 32 लाख 80 हजार लोग किसी न किसी प्रकार की विकलांगता के साथ जीवन यापन करते हैं। लोकोमोटर (गतिशील) विकलांगता सभी विकलांगताओं में सबसे आम है, इसके बाद मानसिक और वाक (बोलने से संबंधित) विकलांगताएँ हैं।

यह एक कड़वी सच्चाई है कि भारत में दिव्यांग आज भी अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर आश्रित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के अनुसार विश्व स्तर पर 15 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की विकलांगता के साथ रहती है। जबकि उसमें से 80 प्रतिशत से अधिक लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। जबकि भारत में 140 करोड़ से अधिक लोग है। इस आबादी का 2.2 प्रतिशत से अधिक लोग किसी न किसी रूप में गंभीर मानसिक या शारीरिक विकलांगता से पीड़ित हैं। आज के प्रगतिशील युग में जहाँ सभी लोगों के एकीकरण और समावेशन पर सतत विकास के प्रवेश द्वार के रूप में जोर दिया जाता है। भारत में विकलांग लोगों को वर्गीकृत करने वाले मानदंडों की सूची को 2016 में नया रूप दिया गया था। 2016 के आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम पर आधारित संशोधित परिभाषा में एसिड हमलों से संबंधित शारीरिक विकृति और चोटों को विकलांगता के रूप में मान्यता देना भी शामिल है। जो इन पीड़ितों को विभिन्न प्रकार की सरकारी सहायता और समर्थन का हकदार बनाता है ।

भारत में आज भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र हासिल करना किसी चुनौती से कम नहीं है। सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों के कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी लोगों को मायूस होना पड़ता है। हालांकि सरकारी दावे कहते हैं कि इस प्रक्रिया को काफी सरल बनाया गया है, लेकिन हकीकत इससे काफी दूर नजर आती है। दिव्यांगता का प्रमाणपत्र जारी करने के सरकार ने जो मापदण्ड बनाये हैं। अधिकांश सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक उनके अनुसार दिव्यांगो को दिव्यांग होने का प्रमाण पत्र जारी ही नहीं करते है। जिसके चलते दिव्यांग व्यक्ति सरकारी सुविधायें पाने से वचिंत रह जाते हैं।

देश में दिव्यांगो को दी जाने वाली सुविधाएं कागजों तक सिमटी हुई हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां दिव्यांगो को एक चौथाई सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है।

# अस्पताल में गंदगी मिलने पर डीएम ने चिकित्सालयधीक्षक को लगाई फटकार

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मंगलवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मंगलवार को जिला अस्पताल में आपातकालीन कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, रोगी प्रतीक्षालय और अस्पताल के अन्य वार्डों को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को पहले से बेहतर बनाया जाएगा। सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अस्पताल और नगर पालिका की टीम समन्वय रखते हुए काम करेंगी। जिसके तहत यहां का गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र कर निस्तारित कराया जाएगा। मरीजों के लिए स्वच्छ पेयजल के साथ हाथ धोने के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था की जा रही है। अस्पताल के अंदर आवारा मवेशियों और जानवरों को घुसने से रोकने के लिए बाउण्ड्री वाल बनाई जाएगी। साथ ही यहां की नालियों को और गहरा करते हुए ढ़कने की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान उन्होनें अस्पताल की छत की घास की तत्काल सफाई कराने और अस्पताल परिसर के सामुदायिक शौचालय की मरम्मत कराकर उपयोग योग्य बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के प्रतीक्षालय और रैन बसेरा की भी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं। जिससे यहां आने वाले मरीजों को उनका लाभ मिल सकें। उन्होंने नालियों के आस-पास गंदगी मिलने पर चिकित्सालयधीक्षक को फटकार लगाई।

जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक में पारित किए गए प्रस्तावों पर भी काम किया जा रहा है। जिसके तहत आपातकालीन कक्ष में और रोगियों के बैठने के स्थान पर बेहतर सफाई व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा ऑपरेशन थियेटर में मरीजों को मानसिक शांति और मानसिक मजबूती प्रदान करने के लिए धीमी आवाज वाला मधुर संगीत भी बजाने की व्यवस्था की जाएगी। जिससे विषम परिस्थितियों में भी मरीज और उनके परिजन निराश न हो। उन्होंने बताया कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के लिए शासन स्तर पर संपर्क कर प्रयास किए जा रहा है।

# कच्चा रास्ता को पक्का बनवाने को लेकर डीएम से मांग

**अखंड भारत संदेश**



**बांदा।** बड़ोखर ब्लॉक के ग्राम पंचायत महोखर के एक दर्जन से अधिक मोहल्ले वासियों को कीचड़ भरे रास्ते में रहकर जीवन यापन करना पड़ता है जिनके आने जाने के लिए रास्ता नहीं है और रास्ता है तो कीचड़ भरा रहता है जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। महोखर गांव की रहने वाले गयापाल प्रजापति ने बताया कि खलभाल केवल' के मकान से नत्थू प्रजापति के दरवाजे तक करीब 150 मीटर कच्चा रास्ता है जिसमे बरसात आदि में मुहल्ले वालों को निकलने में बडी समस्या रहती है जिसकी शिकायत कई बार ग्राम प्रधान व सचिव से की गई है लेकिन कोई निस्तारण नहीं हुआ साथ ही कई बार जनसुनवाई पोर्टल में भी डाला गया है लेकिन फर्जी रिर्पोट लगा दी जाती है रस्ते को कच्चा की जगह पक्का बनवाने की मांग की है। इस दौरान रामकिशोर कौशल रामशरण राम सखी हीरालाल राजा बाबू राम सत्यनारायण अनिरुद्ध रीना सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

**चित्रकूट।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग के 12वीं पास बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए संचालित निःशुल्क ओ लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि चार दिसम्बर तक बढ़ा दी गयी है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के 12वीं पास ऐसे बेरोजगार अभ्यर्थी जो ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक है, वे विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते हुए समस्त संलग्नकों सहित आवेदन पत्र दो प्रतियों में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में चार दिसम्बर को शाम 05:00 बजे तक जमा कर सकते है। बताया कि चयनित प्रशिक्षणार्थियों को 15 दिसम्बर से संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया जायेगा। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार की मान्यता प्राप्त संस्था ड्वैक/निलिट द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा जो शासकीय एवं अन्य सेवाओं में आवेदन करने के लिए मान्य है। बताया कि आवेदन करने के लिए न्यूनतम शैक्षिक अर्हता इण्टरमीडिएट पास व आयु-अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। इसके साथ ही आवेदक बेरोजगार होना चाहिए, जो किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो एवं अभिभावक की वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में 1,00,000 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# अभियान चलाकर बनाए जाएंगे पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अन्तर्गत अवशेष लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए 25 नवंबर से 25 दिसम्बर तक विशेष अभियान चलाने के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक आयुष्मान योजना की जानकारी पहुंचाने के लिए हैंड बिल्स एवं बैनर छपवाकर वितरित कराए तथा गांव में डुग्गी पिटवाने। निर्देशित किया कि एस.आई.आर. के बाद पंचायत सहायकों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनवाए। पूर्ति विभाग को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कोटेदारों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनवाने के लिए सीएचओ व पंचायत सहायक को भिजवाने के लिए निर्देशित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनवाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनवाने के लिए उन्हें सीएचओ व पंचायत सहायक तक भिजवाने के लिए निर्देशित किया गया। कहा कि चिकित्साधिकारी ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए ग्राम प्रधानों के माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए निर्देशित किया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को शहरी क्षेत्र में गाड़ियों के माध्यम से प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी चिकित्साधिकारियों को प्रतिदिन सीएचओ, आशा एवं एएनएम द्वारा कार्ड बनाने की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से अनुरोध कि किया है िकवह अपना आधार कार्ड एवं राशन कार्ड लेकर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एवं जिला चिकित्सालय आकर अपनी पात्रता जाँच करवाकर पात्र होने पर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक अपना आधार कार्ड ले जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी सहित खण्ड विकास अधिकारी, सीडीपीओ, डीसी डीपीआरओ, डीएसओ, चिकित्साधिकारी, बीसीपीएम, डिस्ट्रिक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट के सदस्य आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को लेकर ग्राम पंचायत सचिवो ने जताया विरोध, आंदोलन की दी चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**




**बबेरू/ बांदा।** ब्लाक परिसर में काली पट्टी बांधकर पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को लेकर विरोध जताया है। वही मांगे पूरी न होने पर दी जोरदार आंदोलन की चेतावनी दिया।ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली एवं मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्यों के थोपे जाने से नाराज पंचायत सचिवों ने ब्लॉक कार्यालय में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया 4 दिसंबर तक प्रदेश व्यापी सांकेतिक सत्या ग्रह आंदोलन की घोषणा की। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने संयुक्त रूप शासन को पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्रों पर सरकार द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय लेने से नाराज दोनों संबंधों के पदाधिकारी ने शांतिपूर्ण आंदोलन का निर्णय लिया है बताया कि 4 दिसंबर तक विकास करो में काली पट्टी बांध का सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे इस दौरान सचिव अरविंद कुमार यादव सचिन अर्जुन सिंह कमल यादव दिग्विजय अजय सिंह ओंकारेश्वर धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# पुत्रियों की शादी के अनुदान के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि शादी अनुदान योजनान्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने के लिए आवश्यक अभिलेखों (आधार नम्बर, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की प्रति, शादी कार्ड, उम्र के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र) का होना अनिवार्य है।

बताया कि शादी अनुदान योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आय शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में 1,00,000 रुपये प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही आवेदक उत्तर प्रदेश का निवासी व पिछड़ी जाति (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) से सम्बन्धित होना चाहिए। साथ उसकी पुत्री की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से या उससे अधिक होना अनिवार्य है। आवेदक (माता-पिता/अभिभावक) द्वारा शादी अनुदान पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए अपना आधार नम्बर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए रजिस्ट्रेशन नंबर एवं मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। आवेदक आवेदन को अन्तिम रूप से सबमिट करने से पूर्व किसी भी प्रविष्ट में सुधार कर सकता है। बताया कि इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद के कुल 430 आवेदकों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिन्हें अनुदान के रूप में 20,000 रुपये की धनराशि खाते में ई-कुबेर के माध्यम से हस्तान्तरित की जाती है। इस योजनान्तर्गत ई-कुबेर के माध्यम से 366 पात्र आवेदकों को धनराशि 73.20 लाख रुपये से लाभान्वित कर दिया गया है। बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के ऐसे आवेदक जिन्होनें अपनी पुत्रियों की शादी की तिथि सुनिश्चित कर ली है अथवा जिनकी शादी हो वर्तमान वित्तीय वर्ष में हो चुकी हो, तो ऐसे आवेदक तत्काल जनसेवा केन्द्र के माध्यम से शादी की तिथि के 90 दिन के बाद तक शादी अनुदान पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करा सकते है ताकि शासन की मंशानुसार अधिकाधिक आवेदकों को शादी अनुदान का लाभ प्रदान किया जा सके।

# ओवरलोड ट्रैक्टरों का आतंक पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त और सीसी रोड टूटा

**बांदा।** मवई बुजुर्ग गांव में ओवरलोड ट्रैक्टरों का आतंक जारी है। ये ट्रैक्टर चोरी की मोरम बालू लेकर गांव की बस्तियों से फर्राटे भरते हुए गुजर रहे हैं, जिससे पेयजल की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है और सीसी रोड भी टूट गया है। सूत्रों के अनुसार, ये ट्रैक्टर रात में और सुबह पथरी गांव की तरफ से चोरी की बालू लेकर आते-जाते हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण ये अवैध गतिविधियां जोरों पर हैं।

मवई बुजुर्ग गांव में ओवरलोड ट्रैक्टरों की आवाजाही से ग्रामीण परेशान हैं। ये ट्रैक्टर न केवल पेयजल पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि सीसी रोड को भी टूटने का कारण बन रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**क्या होगी कार्रवाई?**

अब देखने वाली बात यह होगी कि इन अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टरों के ऊपर क्या कार्रवाई होती है। क्या जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे और इन अवैध गतिविधियों को रोकेंगे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय के नए कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली, दिये निर्देश

## ग्रामोदय विकास के लिए कार्ययोजना तैयार करने के दिए निर्देश



**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के नए कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने मंगलवार को ग्रामोदय विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें कुलगुरु ने विश्वविद्यालय के आर्थिक, अकादमिक, प्रशासनिक व तकनीकी विकास के लिए आवश्यक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। प्रो. आलोक चौबे को राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगू भाई पटेल ने विगत 14 नवंबर को ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया था। जिसके बाद प्रो. आलोक चौबे ने 29 नवंबर को कुलगुरु पद का कार्यभार ग्रहण कर विश्वविद्यालय का कार्य प्रारंभ कर दिया। कुलगुरु प्रो आलोक चौबे की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंगलवार को पहली मासिक बैठक थी। कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी ने बैठक का संचालन किया। बैठक में अधिकारियों ने अपने-अपने विभागीय दायित्व और कार्यों को प्रस्तुत किया। कुलगुरु प्रो आलोक चैबे ने विश्वविद्यालय में संचालित विविध पाठ्यक्रमों, प्रवेशित छात्रों की संख्या और संसाधनों की समीक्षा की। विगत माह सम्पन्न वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। पूर्व में संपन्न परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम की स्थिति एवं आगामी परीक्षाओं की तैयारी पर बातचीत हुई। अकादमिक कलेंडर और ऑन लाइन पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने के प्रभावी तरीके पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर अकादमिक और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय IT कंपनियों का बड़ा झटका, अकमें निवेश बढ़ा, H-1बी वीजा की मंजूरी में आई भारी गिरावट

**अमेरिका**

**नेशनल** फाउंडेशन फॉर अमेरिकन पॉलिसी (एनएफएपी) के अनुसार, भारत की शीर्ष सात आईटी कंपनियों को वित्त वर्ष 2025 में नए रोजगार के लिए केवल 4,573 एच-1बी आवेदन ही स्वीकृत हुए, जो 2015 से 70% की गिरावट और 2024 की तुलना में 37% कम है।

विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय आईटी कंपनियाँ कम एच-1बी वीजा का उपयोग कर रही हैं, जबकि अमेरिकी कंपनियाँ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में अरबों डॉलर का निवेश कर रही हैं और अमेरिका में एआई क्षमताएँ विकसित करने के लिए हाल ही में स्नातक हुए लोगों सहित विदेशी प्रतिभाओं को नियुक्त कर रही हैं। टीसीएस निरंतर रोजगार स्वीकृतियों के मामले में शीर्ष पाँच में एकमात्र भारतीय आईटी कंपनी थी। हालाँकि, कंपनी की विस्तार अस्वीकृति दर भी 2025 में बढ़कर 7% हो गई, जो 2024 में 4% थी, जो उसके प्रतिस्पर्धियों की तुलना में काफी ज्यादा है।




एनएफएपी के अनुसार, निरंतर रोजगार (मुख्य रूप से मौजूदा कर्मचारियों के लिए) के लिए एच-1बी याचिकाओं की अस्वीकृति दर वित्त वर्ष 2025 में 1.9% थी, जो वित्त वर्ष 2024 में 1.8% की अस्वीकृति दर के लगभग समान है, और वित्त वर्ष 2023 में 2.4% की दर से कम है। इस वर्ष, टीसीएस को निरंतर रोजगार के लिए 5,293 तथा प्रारंभिक रोजगार के लिए 846 अनुमोदन प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष के 1,452 अनुमोदनों से काफी कम है। न्यूजवीक की रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025 में प्रारंभिक रोजगार के लिए एच-1बी आवेदनों को मंजूरी देने वाले शीर्ष 25 नियोक्ताओं में केवल तीन भारतीय कंपनियां शामिल हैं। एनएफएपी के कार्यकारी निदेशक स्टुअर्ट एंडरसन ने कहा कि भारतीय आईटी कंपनियां अमेरिकी कंपनियों की तुलना में कम एच-1बी वीजा का उपयोग कर रही हैं, जिन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विकसित करने के लिए अरबों डॉलर का निवेश किया है।

एंडरसन ने न्यूजवीक को बताया आंकड़े दशार्ते हैं कि भारतीय कंपनियां अब अपेक्षाकृत कम एच-1बी वीजा का उपयोग करके अमेरिकी व्यवसायों को आईटी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, जबकि सबसे बड़ी अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकसित करने के लिए कई सौ अरब डॉलर का निवेश करने के बाद, अमेरिका में एआई के निर्माण में मदद के लिए कई व्यक्तियों को नियुक्त कर रही हैं, जिनमें हाल ही में अमेरिकी विश्वविद्यालयों से स्नातक हुए विदेश में जन्मे छात्र भी शामिल हैं।

# युद्ध पर विराम की उम्मीदें कमजोर? रुबियो ने शांति समझौते को 'नाजुक' बताया

**यूक्रेन**

**यूक्रेन** और अमेरिका के अधिकारियों ने रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए वाशिंगटन समर्थित शांति योजना के तहत कीव के लिए विश्वसनीय सुरक्षा गारंटी बनाने के उद्देश्य से बातचीत की। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जिन्होंने कीव की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के प्रमुख रुस्तम उमरोव के नेतृत्व में एक यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि चचाएँ उत्पादक रहीं, लेकिन अभी और काम किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा 'I यह नाजुक है। यह जटिल है। यह वार्ता अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा में हुई और इसमें विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर भी शामिल हुए। विटकॉफ सोमवार को मास्को के लिए रवाना होंगे, जहाँ इस सप्ताह उनके रूसी समकक्षों से वार्ता करने की उम्मीद है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, रूबियो ने वार्ता समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा कि हम इस बात को लेकर यथार्थवादी बने हुए हैं कि यह कितना कठिन है, लेकिन आशावादी भी हैं, खासकर इस तथ्य को देखते हुए कि जैसे-जैसे हमने प्रगति की है, मुझे लगता है कि यहाँ एक साझा दृष्टिकोण है कि यह केवल युद्ध समाप्त करने के बारे में नहीं है। यह यूक्रेन के भविष्य को सुरक्षित करने के बारे में है, एक ऐसा भविष्य जिसके बारे में हमें उम्मीद है कि वह पहले से कहीं अधिक समृद्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि चचाओं में कई गतिशील पहलू थे, और जाहिर है, इसमें एक और पक्ष [रूस] शामिल है ।



# बम विस्फोटों से फिर दहला पाकिस्तान, फ्रंटियर कॉर्प्स हेडक्वार्टर पर हुआ आत्मघाती हमला

**बलूचिस्तान**

**बलूचिस्तान** पोस्ट (टीबीपी) के अनुसार, सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि बलूचिस्तान के चगाई जिले में पाकिस्तानी सेना के एक शिविर पर एक महत्वपूर्ण हमला हुआ, जब एक आत्मघाती हमलावर ने नोकुंडी में फ्रंटियर कोर मुख्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर विस्फोटकों में विस्फोट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती विस्फोट के बाद भी शिविर के भीतर गोलीबारी जारी थी। उन्होंने हताहतों के बारे में



कोई जानकारी नहीं दी। प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि एक हमलावर ने मुख्य द्वार पर खुद को उड़ा लिया, जिसके बाद कई सशस्त्र हमलावर शिविर में घुस गए। एक घंटे से ज्यादा समय तक लगातार गोलीबारी और कई विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं।

# वेंटिलेटर पर बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया, हालत बेहद नाजुक

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया बेहद अस्वस्थ हैं और उन्हें वेंटिलेशन पर रखा गया है। उनकी पार्टी के नेताओं ने कहा कि स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा विशेषज्ञ उनके इलाज की निगरानी कर रहे हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की 80 वर्षीय अध्यक्ष ज़िया को 23 नवंबर को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जब उन्हें सीने में संक्रमण हो गया था, जिससे उनके हृदय और फेफड़े दोनों प्रभावित हुए थे। चार दिन बाद, तीन बार प्रधानमंत्री रहीं ज़िया को उनकी कई स्वास्थ्य समस्याएँ बिगड़ने के बाद कोरोनरी केयर यूनिट में स्थानांतरित कर दिया गया।



पूरे देश से प्रार्थना करने का अनुरोध करने के अलावा और कुछ नहीं किया जा सकता।ह्व बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने भी पुष्टि की कि जिया की हालत गंभीर बनी हुई है और ढाका के अस्पताल में उनका इलाज जारी है, जहां स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा विशेषज्ञ उनकी देखभाल में लगे हुए हैं। समाचार वेबसाइट ने उनके हवाले से कहा वह काफी बीमार हैं। पूरा देश उनके स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है...वह गंभीर रूप से बीमार हैं और हमारे डॉक्टर हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने रविवार को कहा कि जिया (80) की स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया है। बांग्लादेश के दिवंगत राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पत्नी खालिदा जिया लंबे समय से कई गंभीर बीमारियों से जूझ रही हैं, जिनमें जिगर और गुर्दे संबंधी समस्याएं, मधुमेह, गठिया और आंखों की बीमारियां शामिल हैं। इस वर्ष वह उन्नत चिकित्सा उपचार के लिए चार महीने लंदन में रहने के बाद छह मई को ढाका लौटी थीं। उनके इकलौते बेटे एवं बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान 2008 से लंदन में रह रहे हैं। उनके दूसरे बेटे अराफात रहमान का 2025 में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। पांच अगस्त, 2024 को छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से हटने के बाद, बीएनपी बांग्लादेश के बदले हुए राजनीतिक परिदृश्य में अग्रणी दल के रूप में फिर से उभरी है।

# भारतीय वायु सेना का पराक्रम

**श्रीलंका**

**राष्ट्रीय** आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने चक्रवात दित्वा से हुई तबाही के बाद श्रीलंका के कई हिस्सों में व्यापक बचाव और राहत अभियान चलाया है। एक्स पर अपडेट की एक श्रृंखला में विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अभियान की प्रगति साझा की। इससे पहले सोमवार को विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि आईएनएस सुकन्या राहत सामग्री लेकर त्रिंकोमाली पहुंच गई है। चक्रवात दित्वा से हुई तबाही के बाद श्रीलंका की सहायता के लिए भारत ने 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए, भारत ने अपने पड़ोसी देश को मानवीय आपदा राहत अभियानों, बचाव और राहत कार्यों में मदद की है ताकि देश को सहायता प्रदान की जा सके। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि ऑपरेशन सागर बंधु के तहत, भारतीय वायु सेना का एक और विमान रविवार को आपदा प्रतिक्रिया सामग्री लेकर कोलंबो पहुँचा। भारतीय वायु सेना ने रविवार को कहा कि ऑपरेशन सागर बंधु के तहत, कअऋउ-17 ने पुणे से ठऊफ्रऋ की टीमों और उपकरणों को हवाई मार्ग से पहुँचाया। चल रहे इस अभियान ने घरेलू सहायता अभियानों का भी लाभ उठाया है। भारत ने चक्रवात दित्वा की तबाही के बाद श्रीलंका की सहायता के लिए 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया। भारतीय वायु सेना ने भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए कोलंबो में 80 से अधिक ठऊफ्रऋ कर्मियों और 8 टन उपकरणों के साथ 21 टन राहत सामग्री पहुँचाई। इन मिशनों का पैमाना और गति, जरूरत के समय में श्रीलंका की सहायता करने ।

# दुबई से ऑपरेट कर रहा शहजाद भट्टी, लॉरेंस-अनमोल की जान को खतरा

**दुबई**

**गैंगस्टर** लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल को पाकिस्तानी गैंगस्टर और आतंकी शहजाद भट्टी से जान से मारने की नई धमकियाँ मिली हैं। ऑनलाइन जारी एक वीडियो में भट्टी ने बिश्नोई बंधुओं को चेतावनी दी है कि उन्हें बचाने के लिए कोई भी सुरक्षा पर्याप्त नहीं होगी। यह धमकी अनमोल द्वारा पटियाला हाउस कोर्ट में भट्टी की वजह से अपनी जान को खतरा बताए जाने के कुछ दिनों बाद आई है।

शहजाद भट्टी कौन है?

शहजाद भट्टी एक पाकिस्तानी गैंगस्टर है जो फिलहाल दुबई से सक्रिय है। खुफिया एजेंसियों का कहना है कि भट्टी हाल ही में आतंकी गतिविधियों में शामिल हुआ है।



रविवार को दिल्ली पुलिस ने उससे जुड़े तीन शूटरों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों का कहना है कि उसने इस गिरोह को पाकिस्तान से हथियार और ग्रेनेड मुहैया कराए थे।

भट्टी कभी लॉरेंस बिश्नोई का दोस्त था

गौरतलब है कि भट्टी कभी लॉरेंस बिश्नोई का करीबी था। हालाँकि, पहलगाम हमले के बाद हालात बदल गए जब बिश्नोई ने सोशल मीडिया पर हाफि ज सईद को निशाना बनाने की बात पोस्ट की। बताया जाता है कि इसी बात ने भट्टी को उसके खिलाफ कर दिया। हाल ही में, बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के आरोपी शूटर जीशान अख्तर ने एक वीडियो जारी कर भट्टी को भारत से भागने में मदद करने के लिए धन्यवाद दिया। जीशान ने दावा किया कि उसने लॉरेंस बिश्नोई के आदेश पर बाबा सिद्दीकी की हत्या की, लेकिन कहा कि बिश्नोई के गिरोह ने हत्या के बाद उसे खत्म करने की योजना बनाई थी। उसने कहा कि वह भट्टी की मदद से ही भागने में कामयाब रहा। एजेंसियों के अनुसार, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भट्टी को भारतीय गैंगस्टरों के बीच अपना प्रभाव बढ़ाने का काम सौंपा है।

# हांगकांग हादसे मामले में मृतकों की संख्या में भयंकर विस्फोट

## 75 साल में सबसे भीषण आग की चौंकाने वाली तस्वीरें

**हांगकांग**

**हांगकांग** पुलिस बल ने ताई पो ज़िले में वांग फुक कोर्ट हाउसिंग एस्टेट के बड़े हिस्से को तबाह करने वाली भीषण आग के बाद की विचलित करने वाली तस्वीरें जारी की हैं। तस्वीरों में जले हुए अंदरूनी हिस्से, ढही हुई धातु की संरचनाएँ, जले हुए एयर कंडीशनर और राख में तब्दील हो चुके कमरे दिखाई दे रहे हैं। बचावकर्मियों को मलबा हटाते और और शवों की तलाश जारी रखते हुए देखा जा सकता है। हांगकांग में 75 से ज्यादा सालों में सबसे भीषण आग बुधवार को लगी और परिसर के सात रिहायशी टावरों में तेजी से फैल गई। दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने



में दो दिन लग गए और आखिरकार शुक्रवार को आग बुझा दी गई। अब तक 146 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि लगभग 100 लोग अभी भी लापता हैं। अधिकारियों के अनुसार, 79 अन्य लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इमारतों में पिछले साल से नवीनीकरण का काम चल रहा था। उन्होंने बताया कि खिड़कियों को ढकने के लिए इस्तेमाल किए गए बांस के मचान और ज्वलनशील फोम बोर्ड ने आग को तेजी से फैलाने में अहम भूमिका निभाई।

इन सामग्रियों ने ऐसी परिस्थितियाँ पैदा कीं जिससे आग एक टावर से दूसरे टावर तक तेजी से फैल गई। ढ़ती सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर, हांगकांग के अधिकारियों ने शनिवार को घोषणा की कि परिसर के ठेकेदार, प्रेस्टीज कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग कंपनी द्वारा संचालित 28 निर्माण परियोजनाओं पर काम रोक दिया गया है। अग्नि सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन का आकलन करने के लिए इन परियोजनाओं का तत्काल सुरक्षा ऑडिट किया जाएगा।

स्थानीय अधिकारियों ने आग लगने के सिलसिले में कम से कम 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें निर्माण कंपनी के तीन अधिकारी भी शामिल हैं, जिनकी वांग फुक कोर्ट में नवीनीकरण कार्य से जुड़े संभावित सुरक्षा उल्लंघनों और लापरवाही के लिए जाँच की जा रही है।

# फांसी, 21 साल कैद और अब 5 साल जेल

**ढाका**

**ढाका** की एक अदालत ने सोमवार को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार के आरोप में 5 साल कैद की सजा सुनाई। अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री की छोटी बहन शेख रेहाना को भी इसी मामले में 7 साल और रेहाना की बेटी, ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी को 2 साल कैद की सजा सुनाई। ढाका के विशेष न्यायाधीश - 4 रबीउल आलम ने प्लॉट धोखाधड़ी के एक मामले में हसी शेखना को 5 साल कैद की सजा सुनाई। बांग्लादेश के भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) ने पिछले जनवरी में शेख हसीना



और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ ढाका के पुर्बाचल इलाके में कथित तौर पर अवैध रूप से सरकारी भूखंड आवंटित करने के लिए छह अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। इससे पहले, ढाका की एक अदालत ने गुरुवार को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार के आरोप में 21 साल कैद की सजा सुनाई थी।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक

अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.: 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com


सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# श्रीलंका में 'दितवा' का कहर, 330 से ज्यादा मौतें, भारत ने फंसे नागरिकों को सुरक्षित निकाला

**श्रीलंका**

**श्रीलंका** के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) द्वारा रविवार शाम जारी आंकड़ों के अनुसार, चक्रवात दितवा ने श्रीलंका में 334 लोगों की जान ले ली है। इस विनाशकारी चक्रवात ने द्वीपीय राष्ट्र में भारी तबाही मचाई है, और 16 नवंबर से दितवा और चरम मौसम की वजह से आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन में 370 लोग लापता हैं। डीएमसी ने कहा कि खराब मौसम के कारण चक्रवात से 3,09,607 परिवारों के 11,18,929 लोग प्रभावित हुए। इस बीच, श्रीलंकाई अधिकारी नुकसान को कम करने के लिए काम कर रहे हैं और द्वीपीय देश ने हाल ही में बाढ़ की चेतावनी जारी की है। एनडीआरएफ की टीम ने कोलंबो के कोच्चिकडे में बचाव अभियान चलाया।

श्रीलंका स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हुए, उन्होंने भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता की और तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद की। कोलंबो जिला सचिव प्रसन्ना गिनिगे ने केलानी नदी के ऊपरी मध्य पहाड़ी अपवाह से खतरनाक स्तर तक उफान पर होने के कारण अलर्ट जारी किया है, जिससे संवेदनशील इलाकों के स्कूलों को विस्थापित निवासियों के लिए राहत केंद्रों में



बदल दिया गया है। इस बीच, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने कुछ दिन पहले आए चक्रवात दित्वा के कारण उत्पन्न स्थिति को देखते हुए पूरे द्वीप में आपातकाल की घोषणा कर दी है।

इस बीच, एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि भारत ने रविवार को भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के विमान के जरिए श्रीलंका में फंसे 300 से ज्यादा भारतीय नागरिकों को तिरुवनंतपुरम पहुँचाया। चक्रवाती तूफान के बाद राहत सामग्री पहुँचाने के लिए श्रीलंका भेजे गए वायु सेना के आईएल-76 और सी-130जे विमानों ने कोलंबो से फंसे भारतीय नागरिकों को निकालकर तिरुवनंतपुरम पहुँचाया। तिरुवनंतपुरम पहुँचने वालों के लिए, नोरका रूट्स ने घर वापसी की यात्रा को सुगम बनाने के लिए विशेष बस सेवाओं की व्यवस्था की।

# बदलते सुरक्षा चक्र में भारत का निर्णायक कदम

**श्रीलंका**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को 'जैविक हथियार सम्मेलन (बीडब्ल्यूसी) के 50 वषर्: वैश्विक दक्षिण के लिए जैव-सुरक्षा को मजबूत करना' के अवसर पर उद्घाटन सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने सम्मेलन के पूर्ण और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर बल दिया और वैश्विक जैव सुरक्षा में देश की नेतृत्वकारी भूमिका पर प्रकाश डाला। 80 से अधिक देशों के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों से बात करते हुए, जयशंकर ने बीडब्ल्यूसी के आधुनिकीकरण की आवश्यकता।